1000 महाभारत प्रश्नोत्तरी

राजेंद्र प्रताप सिंह

1000

महाभारत प्रश्नोत्तरी

राजेंद्र प्रताप सिंह

वात्सल्यमयी, प्रेरणामयी

माँ श्रीमती रामदुलारी देवी

एवं

कर्मठता की प्रतिमूर्ति

पिताजी श्री तेजबली सिंह

को

सादर समर्पित

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

पुरोवाक्

भारतीय संस्कृति ज्ञान का भंडार है। माध्यम इसका संस्कृत भाषा है। प्रमुख विशेषता इसकी सहिष्णुता है। अपनी इसी विशेषता के कारण हमारी संस्कृति विदेशी आक्रांताओं से काफी प्रभावित हुई है। आज हम किसी भी क्षेत्र में दृष्टिक्षेप करें तो बहुलांश में भारतीय संस्कृति ही दृष्टिगोचर होती है—चाहे वह राज-व्यवस्था का क्षेत्र हो, समाज-व्यवस्था का क्षेत्र हो, साहित्य का क्षेत्र हो अथवा विज्ञान का। राज-व्यवस्था के क्षेत्र में भारत (तत्कालीन आर्यावर्त) ही एकमात्र वह देश है, जहाँ मनुस्मृति से प्रारंभ होकर याज्ञवल्क्यस्मृति, नारदस्मृति, पाराशरस्मृति और कौटिल्यीय अर्थशास्त्र तक जो भी राजा, राजपरिषद्, राजकीय कर-विधान, दंड-व्यवस्था आदि के मानदंड दिए गए, वे आज भी संसार के लगभग सभी देशों के संविधान में किसी-न-किसी रूप में पाए जाते हैं। हाँ, यह अवश्य हुआ है कि उसमें यदि कुछ जोड़ा गया है, तो कुछ घटाया भी गया है। विज्ञान के क्षेत्र में भी देखें। आज से युगों पहले भगवान् श्रीराम लंका-विजय के पश्चात् पुष्पक विमान द्वारा अयोध्या प्रस्थान करते हैं, और रावण के विरुद्ध युद्ध में जिन प्रक्षेपास्त्रों का प्रयोग करते हैं, वे सभी आज के आयुधागारों में नाम और रूप बदलकर आधुनिक विज्ञान की देन बताए जा रहे हैं। महाभारत में धृतराष्ट्र को उनके मंत्री संजय हस्तिनापुर में ही बैठे हुए दिव्य दृष्टि से कुरुक्षेत्र युद्ध का वर्णन करते हैं।

तात्पर्य यह है कि कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं, जिसमें आधुनिकता का मूल भारतीय संस्कृति में विद्यमान न हो। हाँ, समय-समय पर विदेशी आक्रांताओं—शकों, हूणों, यवनों, मुगलों—ने इसे छिन्न-भिन्न करने का पूरा प्रयास किया; परंतु संस्कृत भाषा में उनकी पूरी पैठ न होने के कारण वे पूर्णरूपेण सफल न हो सके। अठारहवीं शती में अंग्रेजों का आगमन इसके पूर्ण विनाश की पूर्व नियोजित योजना के साथ हुआ, जो विनाश करने में तो सफल नहीं हो पाए, हाँ, अपनी भाषा और संस्कृति को थोपने में अवश्य सफल हो गए। देश की शक्ति को क्षीण करने की उनकी यह योजना आज के भारतीय जनमानस में गहरे तक प्रवेश कर चुकी है। हमारी प्राचीन संस्कृति और आज की पाश्चात्य सभ्यता में लिप्त भारतीय जनमानस के रहन-सहन, खान-पान, वेशभूषा, बोल-चाल और यहाँ तक कि अभिवादन के तौर-तरीके ध्यातव्य हैं। यही कारण है कि आज की पीढ़ी अंग्रेजी भाषा-प्रयोग को आत्मगौरव का प्रतीक मानते हुए संस्कृत भाषा को हेय दृष्टि से देखने लगी है। उसे यह भी पता नहीं कि संस्कृत भाषा ही वह असीम सागर है, जिसमें गोते लगाकर रत्नों का ढेर निकाला जा सकता है। सागर में गोता लगाना और अथाह जल के तल तक पहुँचकर एकाध रत्न लेकर बाहर आना अत्यंत दुष्कर कार्य तो है ही और जिसे मैं रत्नों का ढेर कह रहा हूँ उतने तक पहुँचने में तो अकल्पनीय श्रम, साहस और समय की आवश्यकता होती है; परंतु यह श्रम और साहस किया है नवोदित साहित्यकार श्री राजेंद्र प्रताप सिंह ने।

आज की युवा पीढ़ी से यदि पूछा जाए कि राजा दशरथ के कितने पुत्र थे और उनकी किस रानी के गर्भ से कौन सा पुत्र जनमा था, तो शायद ही कोई बता पाए; युवा पीढ़ी की बात छोड़िए, किसी विद्वन्मंडली में आप पूछ बैठें कि महाभारत युद्ध में पहले दिन कौरवों ने जिस व्यूह की रचना की थी उसका क्या नाम था, अथवा अर्जुन का नाम 'गुडाकेश' क्यों पड़ा, तो लोग अपनी असमर्थता ही जताएँगे। राजेंद्रजी ने अपनी लघु वय में इतने श्रमसाध्य कार्य को करने का बीड़ा उठाया और इतने अल्प समय में एक-एक मोती चुनकर जिस माला का सृजन किया उसका नाम है—'1000 महाभारत प्रश्नोत्तरी'। 'मोती की माला' कहकर संभवत: मैं गलती कर रहा हूँ। यह तो ऐसा

हार है, जिसमें भिन्न-भिन्न आकार और अनेक रूपोंवाले रंग-बिरंगे रत्न पिरोए गए हैं, जिनकी छटा ही निराली है। महाभारत नामक सागर में गोता लगाने पर लेखक को जो रत्न मिले, वे हैं—'क्या नाम था', 'नामों की निर्मिति', 'रोमांचक जानकारियाँ', 'संबंधों का सागर', 'संख्याओं को भी जानें', 'महत्त्वपूर्ण स्थान', 'किसने क्या कहा था' तथा 'वरदान और शाप' आदि। यह पुस्तक न केवल विद्यार्थियों-शोधार्थियों के लिए परीक्षोपयोगी-शोधोपयोगी सिद्ध होगी अपितु विद्वानों और धार्मिक-पौराणिक चर्चा में रुचि रखनेवाले सामान्य जनों के लिए भी ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी।

श्री राजेंद्र प्रताप सिंह को मैं अपना हार्दिक शुभाशिष् प्रेषित करते हुए माँ सरस्वती से यह प्रार्थना करता हूँ कि वह भविष्य में भी उन्हें इसी प्रकार की श्रेष्ठ कृतियों का सृजन करने की प्रेरणा प्रदान करें। अस्तु!

—राज बली पांडेय

दिल्ली

विजयादशमी, संवत् 2059

स्वकथ्य

महाभारत को 'पंचम वेद' कहा गया है। यह ग्रंथ हमारे देश के मन-प्राण में बसा हुआ है। यह भारत की राष्ट्रीय गाथा है। इस ग्रंथ में तत्कालीन भारत (आर्यावर्त) का समग्र इतिहास वर्णित है। अपने आदर्श स्त्री-पुरुषों के चरित्रों से हमारे देश के जन-जीवन को यह प्रभावित करता रहा है। इसमें सैकड़ों पात्रों, स्थानों, घटनाओं तथा विचित्रताओं व विडंबनाओं का वर्णन है।

यद्यपि महाभारत के संबंध में, इसके इतिहास के संबंध में थोड़ा-बहुत जाननेवालों की संख्या लाखों में है, तथापि बहुत कुछ जानना शेष रह जाता है। महाभारत जैसे विस्तृत कलेवरवाले ग्रंथ का पारायण कर उसे आत्मसात् कर पाना श्रमसाध्य तो है ही, समयसाध्य भी है। ऐसे में एक ऐसी पुस्तक की आवश्यकता अनुभव होती है, जो अल्प समय में ही पाठकों को अपने विषय की केंद्रीय और महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कर सके। इस दृष्टि से यह पुस्तक गागर में सागर है। वास्तव में महाभारत जैसा विषय एक ऐसे समुद्र की भाँति है, जिसमें जितने गहरे उतरते जाएँगे उतना ही प्राप्त होता जाएगा। यद्यपि महाभारत के अंतरंग में अपार ज्ञानराशि स्थित है, तथापि उस सबको एक स्थान पर उपस्थित कर पाना संभव नहीं, तथा तब तो यह और भी संभव नहीं, जब हम 1000 प्रश्नों की सीमा में बँधे हों।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रणयन का उद्देश्य ऐसे पाठकों को महाभारत संबंधी ज्ञान से संपन्न और समृद्ध कराना है, जो महाभारत के विषय में अभिरुचि रखते हैं और इसमें वर्णित घटनाओं, पात्रों एवं स्थानों तथा कथाओं-उपकथाओं के संबंध में अल्प समय में ही अधिकाधिक जानना चाहते हैं। यह पुस्तक पाठकों को बहुत सुगमता से महाभारत की प्रमुख घटनाओं और महत्त्वपूर्ण संदर्भों से तो परिचित कराती ही है, उसमें वर्णित रोचक, रोमांचक, जिज्ञासापूर्ण एवं आश्चर्यचकित कर देनेवाले अनेकानेक संदर्भों की भी जानकारी प्रदान करती है।

प्रस्तुत पुस्तक में प्रश्नों के माध्यम से जहाँ एक ओर पितामह भीष्म, आचार्य द्रोण, कर्ण, अर्जुन, भीम, अभिमन्यु, अश्वत्थामा, धृष्टद्युम्न जैसे पराक्रमियों के अद्भुत व अलौकिक शौर्य तथा बल-विक्रम का वर्णन है वहीं दूसरी ओर महाभारत में वर्णित ऋषियों-मुनियों, देवर्षियों, राजर्षियों एवं महर्षियों के महान् व पवित्र चरित्रों का भी परिचय प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न शस्त्रास्त्रों, दिव्यास्त्रों एवं उनके प्रयोगों और प्रयोग के पश्चात् परिणामों की जानकारी के साथ ही महाभारतकालीन नदियों, पर्वतों, राज्यों, नगरों तथा राज्याधिपतियों का रोचक और सुस्पष्ट संदर्भ जानने को मिलता है। साथ ही लगभग दो सौ विभिन्न पात्रों के माता, पिता, पत्नी, पुत्र-पुत्री, पितामह, पौत्र, नाना, मामा आदि जैसे संबंधों का विस्तृत एवं खोजपरक विवरण भी। 'क्या नाम था', 'रोमांचक जानकारियाँ', 'नामों की निर्मिति', 'संबंधों का सागर', 'वरदान और शाप', 'काल के गाल में' तथा 'संख्याओं को भी जानें' जैसे प्रमुख अध्यायों सहित कुल चौदह अध्यायों में संगृहीत 1000 प्रश्नों की यह पुस्तक वस्तुत: महाभारत से संबंधित संदर्भ कोश है। यह पुस्तक आम पाठकों के लिए तो महत्त्वपूर्ण है ही, लेखकों, संपादकों, पत्रकारों, वक्ताओं, शोधार्थियों, शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी है।

पुस्तक के अंत में तीन परिशिष्ट दिए गए हैं। **परिशिष्ट-1** में 'पांडवों और कौरवों का वंश-वृक्ष', **परिशिष्ट-2** में 'महाराज धृतराष्ट्र के सौ पुत्रों की सूची' तथा **परिशिष्ट-3** में 'अक्षौहिणी सेना की रचना' का वर्णन है। आशा है,

तीनों परिशिष्ट पाठकों हेतु उपयोगी होंगे।

प्रस्तुत पुस्तक को तैयार करते समय प्रिय जीवनसंगिनी श्रीमती उषा सिंह ने जिस आत्मीयता से सहयोग दिया वह अविस्मरणीय रहेगा।

—राजेंद्र प्रताप सिंह

266, डबल स्टोरी, वेलकम

सीलमपुर-III, दिल्ली-110053

1

क्या नाम था

1. उस वन का क्या नाम था जिसे जलाकर पांडवों ने वहाँ इंद्रप्रस्थ नगर बसाया था?

(क) काम्यक

(ख) द्वैत

(ग) खांडव

(घ) सौगंधिक

उत्तर:1

2. उस राक्षसी का क्या नाम था जिसने दो टुकड़ों में विभक्त शिशु जरासंध को एक में जोड़ दिया था?

(क) हिडिंबा

(ख) कामकंटकटा

(ग) पूतना

(घ) जरा

उत्तर:2

3. महाभारत युद्ध के अंतिम दिन पराजित हो जाने के पश्चात् दुर्योधन जिस सरोवर में जा छिपा था उसका क्या नाम था?

(क) मानसरोवर

(ख) ब्रह्म सरोवर

(ग) पुष्पक सरोवर

(घ) द्वैपायन सरोवर

उत्तर:3

4. जिस बहेलिए के हाथों श्रीकृष्ण की मृत्यु हुई थी उसका क्या नाम था?

(क) हिरण्यधनु

(ख) निषध

(ग) जरा

(घ) सुषेण

उत्तर:4

5. द्यूतक्रीड़ा हेतु कौरवों ने जो सभा (भवन) बनवाई थी उसका क्या नाम था?

(क) वैदूर्यसभा

(ख) सुधर्मा

(ग) तोरणस्फटिक

(घ) शुभेच्छु

उत्तर:5

6. अर्जुन की मृत्यु हो जाने पर उलूपी ने जिस वस्तु से उन्हें पुन: जीवित किया था उसका क्या नाम था?

(क) संजीवन मणि

(ख) दिव्य ओषधि

(ग) स्वर्ग-जल

(घ) नाग-बूटिका

उत्तर:6

7. उस नदी का क्या नाम था जिसमें कुंती ने अपने नवजात पुत्र (कर्ण) को लोक-लाज से बचने के लिए प्रवाहित कर दिया था?

(क) चर्मण्वती

(ख) अश्व नदी

(ग) गंगा

(घ) यमुना

उत्तर:7

8. कौरवों द्वारा पांडवों को जिस लाक्षागृह में जलाकर मार डालने का षड्यंत्र रचा गया था, उसका क्या नाम था?

(क) शुभम्

(ख) भारत

(ग) श्रेयस्

(घ) भास्कर

उत्तर:8

9. उस दानव का क्या नाम था, जो शूकर का रूप धरकर अर्जुन को मारने गया था और किरात वेशधारी शिव एवं अर्जुन ने जिसे मारा था?

(क) मय

(ख) मूक

(ग) विप्रचित्त

(घ) श्री

उत्तर:9

10. उस स्वर्णमय सिंहासन का क्या नाम था, जो श्रीकृष्ण के लिए हस्तिनापुर की राजसभा में रखा गया था, जब वे पांडवों का दूत बनकर संधिवार्त्ता के लिए आए थे?

(क) जयंत

(ख) विजय

(ग) सर्वतोभद्र

(घ) ईश

उत्तर:10

11. श्रीकृष्ण के शंख का क्या नाम था?

(क) विजय

(ख) पाञ्चजन्य

(ग) उद्घोष

(घ) जलज

उत्तर:11

12. भीष्म पितामह का बाल्यावस्था का क्या नाम था?

(क) देवव्रत

(ख) वरुण

(ग) यौधेय

(घ) वत्स

उत्तर:12

13. अज्ञातवास के समय जब पांडव मत्स्य देश में राजा विराट के यहाँ रह रहे थे तो उस समय 'कंक' किस पांडव का नाम था?

(क) सहदेव

(ख) युधिष्ठिर

(ग) नकुल

(घ) भीम

उत्तर:13

14. 'वृकोदर' किस वीर का नाम था?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) बलराम

(ग) जरासंध

(घ) भीमसेन

उत्तर:14

15. 'दामोदर' किसका नाम था?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) अर्जुन

(ग) नकुल

(घ) कर्ण

उत्तर:15

16. 'गुडाकेश' किसका नाम था?

(क) बलराम

(ख) श्रीकृष्ण

(ग) युधिष्ठिर

(घ) अर्जुन

उत्तर:16

17. 'संकर्षण' किसका नाम था?

(क) कर्ण

(ख) दुर्योधन

(ग) बलराम

(घ) भीष्म पितामह

उत्तर:17

18. 'चक्रपाणि' किसका नाम था?

(क) जरासंध

(ख) अर्जुन

(ग) श्रीकृष्ण

(घ) शिशुपाल

उत्तर:18

19. 'वसुषेण' किसका नाम था?

(क) युधिष्ठिर

(ख) कर्ण

(ग) श्रीकृष्ण

(घ) अर्जुन

उत्तर:19

20. 'कृष्ण द्वैपायन' किसका नाम था?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) वसुदेव

(ग) वेदव्यास

(घ) बलराम

उत्तर:20

21. 'भूमिञ्जय' किस वीर का नाम था?

(क) धृष्टकेतु

(ख) अर्जुन

(ग) उत्तर

(घ) अभिमन्यु

उत्तर:21

22. 'यूपकेतु' किसका नाम था?

(क) सात्यकि

(ख) कृतवर्मा

(ग) भूरिश्रवा

(घ) अर्जुन

उत्तर:22

23. 'वेदिजा' किसका नाम था?

(क) द्रौपदी

(ख) कुंती

(ग) गांधारी

(घ) सत्यवती

उत्तर:23

24. निम्नलिखित में से 'गंधकाली' किसका नाम था?

(क) सत्यवती

(ख) बलंधरा

(ग) द्रौपदी

(घ) सुभद्रा

उत्तर:24

25. महाराज शांतनु के उस भाई का क्या नाम था, जो बाल्यावस्था में ही तपस्या करने वन में चले गए थे?

(क) प्रतीप

(ख) बाह्लीक

(ग) देवापि

(घ) सुरथ

उत्तर:25

26. इंद्रप्रस्थ के निर्माण के पश्चात् युधिष्ठिर ने जो यज्ञ किया था उसका क्या नाम था?

(क) अश्वमेध

(ख) वैष्णव

(ग) राजसूय

(घ) नाग

उत्तर:26

27. महाभारत युद्ध में जिस व्यूह के अंतर्गत अभिमन्यु को घेरकर मारा गया था उसका क्या नाम था?

(क) शकट

(ख) चक्र

(ग) क्रौंच

(घ) सूचीमुख

उत्तर:<u>27</u>

28. महाभारत कालीन मेरु एवं मंदराचल पर्वत के मध्य स्थित नदी का क्या नाम था?

(क) शैलोदा

(ख) तमसा

(ग) गंगा

(घ) ब्रह्मपुत्र

उत्तर:<u>28</u>

29. उस युग का क्या नाम था, जिसमें महाभारत युद्ध हुआ था?

(क) त्रेतायुग

(ख) द्वापरयुग

(ग) सत्ययुग

(घ) कलियुग

उत्तर:<u>29</u>

30. उस तीर्थ का क्या नाम था, जहाँ स्नान करने से रुद्रलोक प्राप्त होता है?

(क) रुद्रावर्त्त

(ख) रुद्राणीरुद्र

(ग) रुद्रसर

(घ) रुद्रावास

उत्तर:30

31. गांधारी का बचपन का क्या नाम था?

(क) पद्मजा

(ख) वाग्मी

(ग) रेणुका

(घ) शुभा

उत्तर:31

32. महाभारत युद्ध में प्रथम दिन कौरवों ने जिस व्यूह की रचना की थी उसका क्या नाम था?

(क) श्रृंगाटक

(ख) चक्र

(ग) सर्वतोमुख

(घ) मकर

उत्तर:32

33. उन ऋषि का क्या नाम था जो वनवास के समय पांडवों के आश्रम पर शिष्यों सहित भोजन करने के लिए आए थे और द्रौपदी की रसोई में उस समय कुछ न था?

(क) विश्वामित्र

(ख) दुर्वासा

(ग) भरद्वाज

(घ) अत्रि

उत्तर:33

34. राजा परीक्षित् की मृत्यु जिस सर्प के डसने से हुई थी उसका क्या नाम था?

(क) अश्वसेन

(ख) तक्षक

(ग) आस्तीक

(घ) कालिय

उत्तर:34

35. किसके शंख का नाम देवदत्त था?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) अर्जुन

(ग) युधिष्ठिर

(घ) भीष्म

उत्तर:35

36. भीमसेन के शंख का क्या नाम था?

(क) देवदत्त

(ख) पाञ्चजन्य

(ग) पौंड्र

(घ) अनंतविजय

उत्तर:36

37. शिखंडी को पुरुषत्व प्रदान करनेवाले का क्या नाम था?

(क) चित्ररथ

(ख) स्थूणाकर्ण

(ग) हिरण्याक्ष

(घ) परशुराम

उत्तर:37

38. श्रीकृष्ण के पास जो गोप सैनिक थे उनका क्या नाम था?

(क) चतुरंग

(ख) नारायण

(ग) वार्ष्णेय

(घ) प्रलयंकर

उत्तर:[38]

39. स्वर्ग में अर्जुन पर जो अप्सरा आसक्त हो गई थी, उसका क्या नाम था?

(क) मेनका

(ख) उर्वशी

(ग) रंभा

(घ) घृताची

उत्तर:[39]

40. अज्ञातवास के समय द्रौपदी का क्या नाम था?

(क) कृष्णा

(ख) पांचाली

(ग) सैरंध्री

(घ) हिरण्याक्षी

उत्तर:[40]

41. महाभारत युद्ध के समय द्रोणाचार्य को भुलावे में डालने के लिए भीमसेन ने जिस हाथी को मार डाला था उसका क्या नाम था?

(क) डिडिंभण

(ख) अश्वत्थामा

(ग) राजकर्मा

(घ) आशुतोष

उत्तर:[41]

42. जनमेजय द्वारा किए गए प्रसिद्ध यज्ञ का क्या नाम था?

(क) राजसूय यज्ञ

(ख) सर्प यज्ञ

(ग) अश्वमेध यज्ञ

(घ) भूत यज्ञ

उत्तर:42

43. जरासंध के वध के पश्चात् श्रीकृष्ण को वहाँ से जो दिव्य रथ प्राप्त हुआ था, उसका क्या नाम था?

(क) ऋतज

(ख) सोदर्यवान्

(ग) अजित्

(घ) श्रृंग

उत्तर:43

44. श्रीकृष्ण के सारथि का क्या नाम था?

(क) दारुक

(ख) वृषकेतु

(ग) वृषण

(घ) नील

उत्तर:44

45. उस विद्या का क्या नाम था जिसका प्रयोग कर महाभारत युद्ध में भीमसेन ने भगदत्त के हाथी को अपने वश में कर लिया था?

(क) गज वशीकरण

(ख) अंजलिकावेध

(ग) मोहिनी

(घ) मदिरभा

उत्तर:45

46. द्रौपदी ने भीमसेन से जो कमल पुष्प मँगवाए थे उनका क्या नाम था?

(क) नील पद्म

(ख) श्वेत पद्म

(ग) सौगंधिक

(घ) विघ्नहर

उत्तर:46

47. चित्रसेन गंधर्व से लज्जाजनक पराजय के पश्चात् दुर्योधन ने जो व्रत किया था, उसका नाम क्या था?

(क) आमरण उपवास

(ख) विभूति द्वादशी

(ग) प्रायोपवेश

(घ) प्रदोष

उत्तर:47

48. कर्ण ने महाभारत युद्ध में अपने सेनापतित्व के प्रथम दिन जिस व्यूह की रचना की थी, उसका क्या नाम था?

(क) मकर

(ख) शकट

(ग) क्रौंच

(घ) सर्वतोभद्र

उत्तर:48

49. धृतराष्ट्र के उस सेवक का क्या नाम था, जिसे उन्होंने पांडवों को पुन: द्यूतक्रीड़ा हेतु बुलाने भेजा था?

(क) प्रातिकामी

(ख) संजय

(ग) आदित्य

(घ) पुरोचन

उत्तर:49

50. अज्ञातवास के समय 'तंतिपाल' किस पांडव का नाम था?

(क) युधिष्ठिर

(ख) नकुल

(ग) सहदेव

(घ) भीम

उत्तर:50

51. उस सर्प का क्या नाम था जिसने महाभारत युद्ध में कर्ण से कहा था कि तुम मुझे अपने धनुष पर चढ़ाकर अर्जुन पर प्रक्षेप करो तो मैं अर्जुन को मार डालूँगा?

(क) अश्वसेन

(ख) तक्षक

(ग) कालिय

(घ) वासुकि

उत्तर:51

52. उस विद्या का क्या नाम था जिसके बल से किसी भी वस्तु को, चाहे वह कितनी ही सूक्ष्म हो, प्रत्यक्ष देखा जा सकता था ?

(क) अंजलिकावेध

(ख) शब्दार्त

(ग) चाक्षुषी

(घ) प्रतिस्मृति

उत्तर:52

53. उस विद्या का क्या नाम था, जिसका प्रयोग करने पर पूरा संसार भलीभाँति दिखने लगता था?

(क) प्रतिस्मृति

(ख) चाक्षुषी

(ग) अंजलिकावेध

(घ) शब्दार्त

उत्तर:53

54. युधिष्ठिर को लोमश ऋषि से जो विद्या प्राप्त हुई थी उसका क्या नाम था?

(क) चाक्षुषी

(ख) एलीक

(ग) प्रबोधिनी

(घ) अनुस्मृति

उत्तर:54

55. कर्ण के उस पिता का क्या नाम था, जिसने उसका बाल्यावस्था में पालन-पोषण किया था?

(क) संजय

(ख) अधिरथ

(ग) सोमक

(घ) वसुषेण

उत्तर:55

56. महाभारत युद्ध के पश्चात् महर्षि व्यास ने जो ऐतिहासिक काव्य लिखा उसका क्या नाम था?

(क) भारत

(ख) महाकथा

(ग) महाभारत

(घ) जय

उत्तर:56

57. महाभारत ग्रंथ के प्रथम पर्व का क्या नाम है?

(क) आदिपर्व

(ख) सौप्तिकपर्व

(ग) मौसलपर्व

(घ) उद्योगपर्व

उत्तर:57

58. अर्जुन के रथ का क्या नाम था?

(क) पारिजात

(ख) सोदर्यवान्

(ग) पुष्पक

(घ) नंदिघोष

उत्तर:58

59. देवताओं की कुतिया का क्या नाम था?

(क) अश्विन

(ख) सरमा

(ग) पौर्वी

(घ) मंगला

उत्तर:59

60. उस अश्व का क्या नाम था, जो समुद्र-मंथन से निकला था?

(क) उच्चै:श्रवा

(ख) शैब्य

(ग) बलाहक

(घ) मेघपुष्प

उत्तर:60

61. उस मणि का क्या नाम था, जिसकी चोरी का आरोप श्रीकृष्ण पर लगा था?

(क) पारस

(ख) वैदूर्य

(ग) स्यमंतक

(घ) कौस्तुभ

उत्तर:61

62. उस नाग का क्या नाम था, जिसे इंद्र ने जनमेजय के नागयज्ञ से बचाया था?

(क) कालिय

(ख) तक्षक

(ग) आर्यक

(घ) वासुकि

उत्तर:62

63. अक्षौहिणी की सबसे छोटी इकाई का क्या नाम है?

(क) गण

(ख) गुल्म

(ग) सेनामुख

(घ) पत्ति

उत्तर:63

64. उस नदी का क्या नाम था, जो कुरुक्षेत्र में बहती थी तथा जो स्वच्छ और विशुद्ध जल से सदैव ही भरी रहती थी?

(क) हिरण्यवती

(ख) शैलोदा

(ग) सरस्वती

(घ) अरुणा

उत्तर:64

65. इंद्र के हाथी का क्या नाम था?

(क) अश्वत्थामा

(ख) कुवलयापीड

(ग) ऐरावत

(घ) अभ्रमु

उत्तर:65

66. इंद्र के सारथि का क्या नाम था?

(क) दारुक

(ख) मातलि

(ग) सुवर्चा

(घ) अधिरथ

उत्तर:66

67. इंद्र के रथ की ध्वजा का क्या नाम था?

(क) प्रवेणी

(ख) मुक्तिका

(ग) वेदांगिनी

(घ) वैजयंती

उत्तर:67

68. इंद्र के उस सभाभवन का क्या नाम था, जिसे श्रीकृष्ण के कहने पर इंद्र ने यदुवंशियों के उपयोगार्थ दे दिया था?

(क) वैवस्वत

(ख) सुधर्मा

(ग) नंदन

(घ) शुभंकर

उत्तर:68

69. उस ब्राह्मण का क्या नाम था, जिसने द्रुपद के पुत्रेष्टि यज्ञ का कार्य संपादित किया था?

(क) पैल

(ख) याज

(ग) आरुणि

(घ) अध्वर्यु

उत्तर:69

70. तक्षक नाग जब राजा परीक्षित् को डसने आ रहा था तो उसे रास्ते में एक ब्राह्मण मिला था। उस ब्राह्मण का क्या नाम था?

(क) काश्यप

(ख) गौरमुख

(ग) शृंगी

(घ) शमीक

उत्तर:70

71. इंद्र ने अर्जुन को स्वर्ग में जो शंख दिया था, उसका क्या नाम था?

(क) देवदत्त

(ख) पाञ्चजन्य

(ग) विजय

(घ) श्रेयस्

उत्तर:71

72. उस राजा का क्या नाम था, जिसके महायज्ञ में घी की अखंड धाराएँ पीने से अग्निदेव को अजीर्ण हो गया था?

(क) जनमेजय

(ख) बृहदाश्व

(ग) श्वेतकि

(घ) गाधि

उत्तर:72

73. महर्षि वसिष्ठ की प्रसिद्ध गाय का क्या नाम था?

(क) नंदिनी

(ख) विपाशा

(ग) अनघा

(घ) वैजयंती

उत्तर:73

74. राजा शाल्व के सुप्रसिद्ध विमान का क्या नाम था?

(क) पुष्पक

(ख) सौभ

(ग) हंस

(घ) गरुड

उत्तर:74

75. कर्ण की दिग्विजय के पश्चात् दुर्योधन ने जो यज्ञ किया था उसका क्या नाम था?

(क) राजसूय

(ख) विश्वजित्

(ग) वैष्णव

(घ) अश्वमेध

उत्तर:75

76. महाभारत युद्ध के समय श्रीकृष्ण ने मोहग्रस्त अर्जुन को जो उपदेश दिए थे वे सब जिस ग्रंथ में संगृहीत हैं उसका क्या नाम है?

(क) जय

(ख) गीता

(ग) भारत

(घ) भागवत

उत्तर:76

77. श्रीकृष्ण ने 'गीता' का उपदेश देते समय अर्जुन को जो स्वरूप दिखलाया था, उसका क्या नाम था?

(क) महायोग

(ख) विश्व रूप

(ग) प्रचंड

(घ) अजर

उत्तर:77

78. नकुल के शंख का क्या नाम था?

(क) सुहोत्र

(ख) विजय

(ग) देवदत्त

(घ) सुघोष

उत्तर:78

79. द्रुपद के जिस यज्ञ से धृष्टद्युम्न व द्रौपदी का जन्म हुआ था उसका क्या नाम था?

(क) पुत्रेष्टि यज्ञ

(ख) अश्वमेघ यज्ञ

(ग) राजसूय यज्ञ

(घ) वैष्णव यज्ञ

उत्तर:79

80. देवताओं के वास्तु-शिल्पी का क्या नाम था?

(क) मय

(ख) विश्वकर्मा

(ग) शिल्पवान्

(घ) पुरोचन

उत्तर:80

81. देवताओं के सेनापति का क्या नाम था?

(क) मोरध्वज

(ख) गणेश

(ग) कार्त्तिकेय

(घ) भैरव

उत्तर:81

82. देवताओं के चिकित्सकों का क्या नाम था?

(क) अश्विनीकुमार

(ख) धन्वंतरि

(ग) च्यवन

(घ) चरक

उत्तर:82

83. 'कलहप्रिय' किसका नाम था?

(क) नारद

(ख) गणेश

(ग) श्रीकृष्ण

(घ) शकुनि

उत्तर:83

84. उस यज्ञ का क्या नाम है, जो 'पवित्र' नामक सोमयज्ञ से प्रारंभ और 'सौत्रामणि' से समाप्त होता है?

(क) अश्वमेध

(ख) राजसूय

(ग) वैष्णव

(घ) विश्वजित्

उत्तर:84

85. ‘मावल्गणि’ इनमें से किसका नाम था?

(क) धृतराष्ट्र के मंत्री संजय

(ख) वेदव्यास

(ग) शल्य

(घ) धृतराष्ट्र

उत्तर:85

86. ‘गिरनार’ किस पर्वत का नाम था?

(क) गंधमादन

(ख) कैलास

(ग) रैवतक

(घ) मंदराचल

उत्तर:86

87. श्वेतवाहन, जिष्णु, ऐंद्रि, फाल्गुन, वीभत्सु—ये किसके नाम हैं?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) बलराम

(ग) भीम

(घ) अर्जुन

उत्तर:87

88. समुद्र-मंथन से जो भयंकर विष निकला था उसका क्या नाम था?

(क) तांडव

(ख) गरल

(ग) हलाहल

(घ) अनल

उत्तर:88

┐

2

रोमांचक जानकारियाँ

89. किस वीर से युद्ध करते हुए अर्जुन की मृत्यु हो गई थी?

(क) बभ्रुवाहन

(ख) इरावान्

(ग) श्रुतकर्मा

(घ) अभिमन्यु

उत्तर:89

90. धृतराष्ट्र का वह कौन पुत्र था, जो महाभारत युद्ध में जीवित बच गया था?

(क) विकर्ण

(ख) युयुत्सु

(ग) दुर्मुख

(घ) विरजा

उत्तर:90

91. वह कौन पांडव वंशज था, जिसने एक बार अनजाने में ही भीमसेन को मल्ल युद्ध में पराजित कर दिया था?

(क) घटोत्कच

(ख) बभ्रुरवाहन

(ग) सर्वग

(घ) बर्बरीक

उत्तर:91

92. वह कौन मुनि थे, कि जो नाम उनका था वही उनकी पत्नी का भी था?

(क) गर्ग

(ख) जमदग्नि

(ग) जरत्कारु

(घ) धौम्य

उत्तर:92

93. कुरुवंश का वह कौन वृद्ध था, जो पितामह भीष्म का चाचा लगता था और जिसने महाभारत युद्ध में भाग लिया था?

(क) देवापि

(ख) बाह्लीक

(ग) प्रतीप

(घ) सोमदत्त

उत्तर:93

94. वह कौन पांडव योद्धा था जिसने द्रोणाचार्य को रथ सहित उठाकर दूर फेंक दिया था?

(क) धृष्टद्युम्न

(ख) सात्यकि

(ग) चेकितान

(घ) भीमसेन

उत्तर:94

95. वह कौन वीर था, जो धनुष-बाण एवं खड्ग लेकर जनमा था?

(क) दुर्योधन

(ख) धृष्टद्युम्न

(ग) कर्ण

(घ) अर्जुन

उत्तर:95

96. वह कौन पांडव वीर था, जो शिवजी से भी एक बार लड़ा था?

(क) युधिष्ठिर

(ख) नकुल

(ग) भीम

(घ) अर्जुन

उत्तर:96

97. आर्यावर्त का वह कौन योद्धा था, जिसने महाभारत के इतने विशाल युद्ध में भाग लेने से मना कर दिया था?

(क) रुक्मि

(ख) बलराम

(ग) शिशुपाल

(घ) कृतवर्मा

उत्तर:97

98. आर्यावर्त का वह कौन राजा था, महाभारत युद्ध में जिसकी सहायता लेने से पांडवों व कौरवों ने स्पष्ट इनकार कर दिया था?

(क) विदर्भराज रुक्मि

(ख) मगधराज मेघसंधि

(ग) चेदिराज धृष्टकेतु

(घ) मद्रराज शल्य

उत्तर:98

99. वह कौन योद्धा था जिसने कुरुक्षेत्र युद्धस्थल में बाणों से एक घर निर्मित कर दिया था?

(क) अर्जुन

(ख) एकलव्य

(ग) कर्ण

(घ) द्रोण

उत्तर:99

100. महाभारत युद्ध में किसने अपनी योग विद्या के बल पर सूर्यास्त कर दिया था?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) भीष्म

(ग) द्रोण

(घ) अर्जुन

उत्तर:100

101. वह कौन था, जो जनमा तो स्त्री रूप में था, किंतु एक यक्ष की कृपा से जिसने पुरुषत्व प्राप्त किया था?

(क) वृहन्नला

(ख) अश्वत्थामा

(ग) शिखंडी

(घ) उत्तर कुमार

उत्तर:101

102. वह कौन योद्धा था, जिसे भीम ने टाँगों से पकड़कर दो टुकड़ों में चीर दिया था?

(क) सत्यसंध

(ख) मेघसंधि

(ग) जरासंध

(घ) दृढ़संध

उत्तर:102

103. वह कौन वीर था, जिसने कुरुक्षेत्र युद्धस्थल में बाणों से एक अद्भुत और सुंदर जलाशय का निर्माण कर दिया था?

(क) सात्यकि

(ख) भीष्म

(ग) अर्जुन

(घ) कर्ण

उत्तर:103

104. आचार्य परशुराम का वह कौन शिष्य था, जिसने भीषण युद्ध कर उन्हें पराजित कर दिया था?

(क) कर्ण

(ख) भीष्म

(ग) द्रोण

(घ) दुरपद

उत्तर:104

105. अर्जुन एक बार युधिष्ठिर का वध कर देने को क्यों उद्यत हुए थे?

(क) युधिष्ठिर की सत्यवादिता के कारण

(ख) युधिष्ठिर द्वारा गांडीव का अपमान कर देने पर

(ग) द्यूत में युधिष्ठिर के पराजित हो जाने के कारण

(घ) अभिमन्यु को चक्रव्यूह में जाने देने के कारण

उत्तर:105

106. लंका के राजा विभीषण को युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ का संदेश किसने भेजा था?

(क) अर्जुन

(ख) श्रीकृष्ण

(ग) सहदेव

(घ) भीमसेन

उत्तर:106

107. धृतराष्ट्र का वह कौन पुत्र था, जो उनके सौ पुत्रों से अलग था और एक सेविका के गर्भ से उत्पन्न हुआ था?

(क) विकर्ण

(ख) दुर्धर्ष

(ग) युयुत्सु

(घ) विविंशति

उत्तर:107

108. वह कौन योद्धा था, जिसने महाभारत के युद्ध में अपनी सेना का मात्र आधे दिन तक सेनापतित्व किया था?

(क) कर्ण

(ख) शल्य

(ग) धृष्टद्युम्न

(घ) युधिष्ठिर

उत्तर:108

109. महाभारत युद्ध में अर्जुन के रथ का सारथ्य करते-करते श्रीकृष्ण अचानक किसको मारने को दौड़े थे?

(क) कर्ण

(ख) दुर्योधन

(ग) भीष्म

(घ) अश्वत्थामा

उत्तर:109

110. वह कौन था, जो एक बार शैशवावस्था में एक चट्टान पर गिर पड़ा तो चट्टान टुकड़े-टुकड़े हो गई थी?

(क) जरासंध

(ख) भीमसेन

(ग) श्रीकृष्ण

(घ) बलराम

उत्तर:110

111. वह कौन योद्धा था, जो महाभारत युद्ध में सारथि भी बना था और सेनापति भी?

(क) अश्वत्थामा

(ख) श्रीकृष्ण

(ग) कर्ण

(घ) शल्य

उत्तर:111

112. वह कौन राक्षस था, जो पांडवों के वनवास काल में द्रौपदी के रूप पर आसक्त होकर ब्राह्मण वेश में आकर पांडवों के साथ रहने लगा था?

(क) हिडिंबासुर

(ख) जटासुर

(ग) बकासुर

(घ) किर्मीर

उत्तर:112

113. अर्जुन का वह कौन पुत्र था, जिसने एक बार युद्ध में अपने पिता अर्जुन को ही पराजित कर दिया था?

(क) बभ्रुवाहन

(ख) इरावान्

(ग) श्रुतकीर्ति

(घ) अभिमन्यु

उत्तर:113

114. कुरुवंश की वह कौन रानी थी, जो—दोनों आँखों के होते हुए—विवाह के पश्चात् सदैव अपनी आँखों पर पट्टी बाँधे रहती थी?

(क) अंबिका

(ख) सत्यवती

(ग) अंबालिका

(घ) गांधारी

उत्तर:114

115. पांडव सेना का वह कौन महारथी योद्धा था, जो किसी अस्त्र-शस्त्र से नहीं बल्कि पीट-पीटकर मार डाला गया था?

(क) दुरपद

(ख) सात्यकि

(ग) धृष्टद्युम्न

(घ) विराट

उत्तर:115

116. वह कौन था, जिसने भीमसेन की आदमकद लौह प्रतिमा को अपने आलिंगन में लेकर चकनाचूर कर दिया था?

(क) दुर्योधन

(ख) धृतराष्ट्र

(ग) जरासंध

(घ) सुशर्मा

उत्तर:116

117. महाभारत युद्ध में श्रीकृष्ण तो पांडवों की ओर थे, किंतु बलराम किसकी ओर थे?

(क) पांडवों की ओर

(ख) कौरवों की ओर

(ग) दोनों की ओर

(घ) किसी की ओर नहीं

उत्तर:117

118. पांडवों का वह कौन मामा था, जो महाभारत युद्ध में कौरवों की ओर से लड़ा था?

(क) भोज

(ख) शल्य

(ग) कौरव्य

(घ) शकुनि

उत्तर:118

119. वह कौन ऋषि थे, जिन्होंने पिता की आज्ञा से अपनी माता का सिर काट लिया था?

(क) परशुराम

(ख) भरद्वाज

(ग) याज्ञवल्क्य

(घ) धौम्य

उत्तर:119

120. निम्नलिखित में से कौन था, जिसने अपने पुत्र को अपना वृद्धत्व देकर उससे उसका यौवन ले लिया था?

(क) दुष्यंत

(ख) ययाति

(ग) शांतनु

(घ) बृहत्क्षत्र

उत्तर:120

121. वह कौन पांडव था जिसकी भेंट हनुमानजी से हुई थी?

(क) अर्जुन

(ख) भीमसेन

(ग) युधिष्ठिर

(घ) नकुल

उत्तर:121

122. वह कौन वीर था, जिसकी माँ अभाव के कारण उसे बचपन में दूध के स्थान पर चावल का घोल पिलाती थी?

(क) एकलव्य

(ख) भीष्म

(ग) कर्ण

(घ) अश्वत्थामा

उत्तर:122

123. निम्न में से किसने आजीवन विवाह न करने की प्रतिज्ञा की थी?

(क) विदुर

(ख) भीष्म

(ग) शिखंडी

(घ) कृपाचार्य

उत्तर:123

124. वह कौन स्त्री थी, जिसके दृष्टिपात से युधिष्ठिर के पैरों के नख काले पड़ गए थे?

(क) गांधारी

(ख) विदुला

(ग) हिडिंबा

(घ) कृपी

उत्तर:124

125. श्रीकृष्ण का वह कौन पुत्र था, जो दुर्योधन की पुत्री लक्ष्मणा का अपहरण करने हस्तिनापुर आया था?

(क) सांब

(ख) प्रद्युम्न

(ग) सुदेष्ण

(घ) चारुविंद

उत्तर:125

126. युधिष्ठिर द्वारा द्यूतक्रीड़ा में हार जाने पर द्यूतसभा में द्रौपदी को केश पकड़कर कौन लाया था?

(क) दुर्योधन

(ख) प्रातिकामी

(ग) कर्ण

(घ) दु:शासन

उत्तर:126

127. वह कौन राजा था, जिसने युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में श्रीकृष्ण को कुवचन कहे थे?

(क) दुर्योधन

(ख) जरासंध

(ग) रुक्मि

(घ) शिशुपाल

उत्तर:127

128. लाक्षागृह में पांडवों में से किसने आग लगाई थी?

(क) नकुल

(ख) भीमसेन

(ग) युधिष्ठिर

(घ) अर्जुन

उत्तर:128

129. श्रीकृष्ण के परमधाम-गमन के पश्चात् अर्जुन जब यादव स्त्रियों को लेकर हस्तिनापुर आ रहे थे तो राह में उन्हें किसने लूट लिया था?

(क) डाकुओं

(ख) कौरवों

(ग) नागों

(घ) राक्षसों

उत्तर:129

130. उस सर्प के रूप में कौन था जिसने वनवास के समय भीमसेन को अपने आहार हेतु जकड़ लिया था?

(क) राजा नहुष

(ख) राजा हरिश्चंद्र

(ग) एक यक्ष

(घ) महर्षि वसिष्ठ

उत्तर:130

131. वह कौन पांडव योद्धा था, जिसने अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए नारायणास्त्र का प्रतिकार किया था?

(क) भीमसेन

(ख) सात्यकि

(ग) अर्जुन

(घ) धृष्टद्युम्न

उत्तर:131

132. धृतराष्ट्र का वह कौन पुत्र था, जो महाभारत युद्ध में पांडवों की ओर से लड़ा था?

(क) युयुत्सु

(ख) विकर्ण

(ग) विविंशति

(घ) दुर्धर्ष

उत्तर:132

133. वह कौन था, जो श्रीकृष्ण से उनका सुदर्शन चक्र माँगने गया था?

(क) अश्वत्थामा

(ख) दुर्योधन

(ग) कृतवर्मा

(घ) चेकितान

उत्तर:133

134. निम्न में से कौन था, जो तीन नेत्र और चार भुजाओं के साथ जनमा था?

(क) अश्वत्थामा

(ख) धृष्टद्युम्न

(ग) जरासंध

(घ) शिशुपाल

उत्तर:134

┐

3

नामों की निर्मिति

135. श्रीकृष्ण के प्रसिद्ध शंख पाञ्चजन्य का नाम 'पाञ्चजन्य' क्यों था?

(क) पाँच जनों द्वारा मिलकर बनाए जाने के कारण

(ख) पंचजन नामक दानव की हड्डियों से बना था, इस कारण

(ग) पंचाग्नि में तपाए जाने के कारण

(घ) पंचाल देश से प्राप्त हुआ था, इस कारण

उत्तर:135

136. अर्जुन को 'पार्थ' क्यों कहते थे?

(क) अर्जुन की माता कुंती का एक नाम 'पृथा' था, इस कारण

(ख) अर्जुन द्वारा पृथ्वी के अनेक राजाओं को जीतने के कारण

(ग) अर्जुन द्वारा पृथ्वी से स्वर्ग की यात्रा करने के कारण

(घ) अर्जुन द्वारा पृथ्वी पर सोने के कारण

उत्तर:136

137. हस्तिनापुर का नाम 'हस्तिनापुर' कैसे पड़ा था?

(क) गंगा के किनारे बसाया गया था, इस कारण

(ख) महाराज हस्ती द्वारा बसाए जाने के कारण

(ग) अत्यंत समृद्ध होने के कारण

(घ) इस नगर में हस्ति (हाथी) बहुत होने के कारण

उत्तर:137

138. द्रौपदी को 'पांचाली' क्यों कहा जाता था?

(क) पाँच पतियों की पत्नी होने के कारण

(ख) पाँच पुत्रों की माँ होने के कारण

(ग) पंचमी का व्रत रहने के कारण

(घ) पंचाल देश की राजकुमारी होने के कारण

उत्तर:138

139. सत्यवती का एक नाम 'मत्स्यगंधा' कैसे पड़ा था?

(क) उसकी देह से मछली की गंध आती थी, इस कारण

(ख) उसके शरीर की बनावट मछली की तरह होने के कारण

(ग) मछलियों को बेचने के कारण

(घ) उसका पिता एक मछुआरा था, इस कारण

उत्तर:139

140. महर्षि वेदव्यास को 'द्वैपायन' क्यों कहा जाता है?

(क) दोनों हाथों से लिखते थे, इस कारण

(ख) नदी के द्वीप में जन्म होने के कारण

(ग) धृतराष्ट्र-पांडु व विदुर को उत्पन्न करने के कारण

(घ) कृष्ण वर्ण के होने के कारण

उत्तर:140

141. महाराज पांडु का नाम 'पांडु' कैसे पड़ा था?

(क) महर्षि व्यास से उत्पन्न होने के कारण

(ख) पांडवों के पिता होने के कारण

(ग) शरीर का रंग पीला होने के कारण

(घ) वन में तपस्या करने के कारण

उत्तर:141

142. पितामह भीष्म का नाम 'भीष्म' कैसे पड़ा था?

(क) भीमकाय होने के कारण

(ख) भीषण प्रतिज्ञा करने के कारण

(ग) भीषण युद्ध करने के कारण

(घ) भीष्मक राजा को पराजित करने के कारण

उत्तर:142

143. कर्ण को 'राधेय' क्यों कहा जाता था?

(क) जनमते ही नदी में प्रवाहित कर दिए जाने के कारण

(ख) राधा का (पालित) पुत्र होने के कारण

(ग) कुंती से उत्पन्न होने के कारण

(घ) राधना (पूजा) अधिक करने के कारण

उत्तर:143

144. अर्जुन का एक नाम 'गुडाकेश' कैसे पड़ा?

(क) निद्रा को जीत लेने के कारण

(ख) गांडीव धनुष चलाने के कारण

(ग) स्वर्ग की यात्रा करने के कारण

(घ) एक वर्ष तक नपुंसक रहने के कारण

उत्तर:144

145. द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा का नाम 'अश्वत्थामा' क्यों था?

(क) द्रोण का पुत्र होने के कारण

(ख) अश्व की भाँति दौड़ने के कारण

(ग) जनमते ही अश्व (घोड़े) की तरह हिनहिनाने के कारण

(घ) अश्वत्थ (पीपल) वृक्ष की आराधना करने के कारण

उत्तर:145

146. द्रौपदी को 'याज्ञसेनी' क्यों कहा जाता था?

(क) यज्ञ से उत्पन्न हुई थी, इस कारण

(ख) यज्ञसेन (द्रुपद) की पुत्री होने के कारण

(ग) यज्ञ में श्रद्धा के कारण

(घ) अनेक यज्ञ करवाने के कारण

उत्तर:146

147. कर्ण को 'कानीन' क्यों कहा जाता है?

(क) माता (कुंती) के विवाह होने के पूर्व ही उत्पन्न होने और माता द्वारा त्याग दिए जाने के कारण

(ख) कानों में जन्म से ही कुंडल होने के कारण

(ग) ईर्ष्यालु प्रवृत्ति का होने के कारण

(घ) दानवीर होने के कारण

उत्तर:147

148. अर्जुन का एक नाम 'धनंजय' कैसे पड़ा?

(क) धन के प्रति निर्लिप्त होने के कारण

(ख) अनेक देशों को जीतकर वहाँ से अपार धन ले आने के कारण

(ग) कुबेर को पराजित करने के कारण

(घ) धनुर्वेद का ज्ञाता होने के कारण

उत्तर:148

149. पांडवों की माता कुंती का नाम पृथा था, फिर 'कुंती' नाम कैसे पड़ा था?

(क) कुंतल देश में जन्म लिया था, इस कारण

(ख) देवताओं का आवाहन कर पुत्रोत्पन्न किए थे, इस कारण

(ग) भोज देश के राजा कुंतिभोज के घर पली थी, इस कारण

(घ) कर्ण की माता होने के कारण

उत्तर:149

150. द्रुपद-पुत्र धृष्टद्युम्न का नाम 'धृष्टद्युम्न' क्यों था?

(क) धृष्ट (ढीठ) तथा असहिष्णु होने के कारण

(ख) यज्ञ की ज्वाला से उत्पन्न होने के कारण

(ग) अत्यंत क्रोधी होने के कारण

(घ) धूर्त स्वभाव का होने के कारण

उत्तर:150

151. दुर्योधन की माता गांधारी को 'गांधारी' क्यों कहा जाता था?

(क) अंधे पति की पत्नी होने के कारण

(ख) गांधार देश की राजकुमारी थी, इस कारण

(ग) आँखों पर पट्टी बाँधे रहने के कारण

(घ) सौ पुत्रों को उत्पन्न करने के कारण

उत्तर:151

152. अर्जुन का एक नाम 'सव्यसाची' क्यों था?

(क) सत्यवादी होने के कारण

(ख) दोनों हाथों से बाण चला लेते थे, इस कारण

(ग) श्रीकृष्ण का सखा होने के कारण

(घ) इंद्र का पुत्र होने के कारण

उत्तर:152

153. द्रोणाचार्य का नाम 'द्रोण' कैसे पड़ा?

(क) द्रोण नामक यज्ञपात्र में जन्म लेने के कारण

(ख) धनुर्वेद के ज्ञाता होने के कारण

(ग) हस्तिनापुर के राजकुमारों को शिक्षा देने के कारण

(घ) दुरपद को पराजित करने के कारण

उत्तर:153

154. द्रौपदी को 'कृष्णा' क्यों कहा जाता था?

(क) कृष्ण ने उसे अपनी बहन बना लिया था, इस कारण

(ख) उसके शरीर का वर्ण कृष्ण (काला) था, इस कारण

(ग) यज्ञ से उत्पन्न होने के कारण

(घ) पांडवों की पत्नी होने के कारण

उत्तर:154

155. मगधराज जरासंध का नाम 'जरासंध' कैसे पड़ा था?

(क) जरा (बुढ़ापा) को जीत लेने के कारण

(ख) अनेक राजाओं को कारा में कैद रखने के कारण

(ग) जरा नामक राक्षसी द्वारा जन्म के समय हुए इसके शरीर के दो टुकड़ों को जोड़ देने के कारण

(घ) मथुरा पर बार-बार आक्रमण करने के कारण

उत्तर:155

156. अभिमन्यु-पुत्र परीक्षित् का नाम 'परीक्षित्' क्यों था?

(क) उत्तरा का पुत्र होने के कारण

(ख) मौनी ऋषि के गले में मृत सर्प डाल देने के कारण

(ग) एक ब्राह्मण से तक्षक द्वारा डसे जाने का शाप मिलने के कारण

(घ) माता के गर्भ में परिक्षीण या विनष्ट होने से बचाए जाने के कारण

उत्तर:156

157. युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल एवं सहदेव आदि को 'पांडव' क्यों कहा जाता है?

(क) पाँच भाई थे, इस कारण

(ख) पाँचों ने द्रौपदी के साथ विवाह किया था, इस कारण

(ग) महाराज पांडु के पुत्र थे, इस कारण

(घ) पाँचों भाइयों में अत्यंत प्रेमभाव था, इस कारण

उत्तर:157

158. शिवजी का एक नाम 'नीलकंठ' कैसे पड़ा था?

(क) गले में सर्प लपेटे रखने के कारण

(ख) समुद्र-मंथन से निकले हलाहल विष का पान करने से कंठ नीला पड़ जाने के कारण

(ग) पूरे शरीर और कंठ में राख-भभूत आदि लपेटे रहने के कारण

(घ) सिर पर गंगा को धारण करने के कारण

उत्तर:158

159. भीमसेन का एक नाम 'वृकोदर' क्यों था?

(क) इनके पेट में वृक नाम की एक विकट अग्नि थी, इस कारण

(ख) बहुत बलवान् होने के कारण

(ग) विशाल आकार का होने के कारण

(घ) दुर्योधन द्वारा दिए विष को पचा जाने के कारण

उत्तर:159

160. द्रौपदी से उत्पन्न भीम के पुत्र का नाम 'सुतसोम' क्यों रखा गया था?

(क) भीमसेन का पुत्र था, इस कारण
(ख) भीम द्वारा एक सहस्र सोमयाग करके उसे उत्पन्न किए जाने के कारण
(ग) द्रौपदी का द्वितीय पुत्र होने के कारण

(घ) महाभारत युद्ध में अद्भुत पराक्रम दिखाने के कारण

उत्तर:160

161. घटोत्कच का नाम 'घटोत्कच' क्यों रखा गया था?

(क) राक्षसी के गर्भ से जन्म लेने के कारण

(ख) अनेक विद्याओं का ज्ञाता था, इस कारण

(ग) उसमें घनघोर युद्ध करने की क्षमता थी, इस कारण

(घ) उसका 'घट' अर्थात् सिर 'उत्कच' अर्थात् केशहीन था, इस कारण

उत्तर:161

162. दुष्यंत की पत्नी शकुंतला का नाम 'शकुंतला' कैसे पड़ा था?

(क) आश्रम में पली होने के कारण

(ख) माता द्वारा जन्म के बाद वन में छोड़ दिए जाने पर शकुंतों (पक्षियों) द्वारा वन्य-जीवों से रक्षा किए जाने के कारण

(ग) दुष्यंत के साथ विवाह करने के कारण

(घ) अप्सरा की पुत्री होने के कारण

उत्तर:162

163. अर्जुन को 'किरीटी' क्यों कहते थे?

(क) उनके शरीर का वर्ण श्याम होने के कारण

(ख) वे शब्दवेधी बाण चलाने में कुशल थे, इस कारण

(ग) इंद्र ने स्वयं उनके सिर पर किरीट पहनाया था, इस कारण

(घ) दोनों हाथों से बाण-संचालन कर सकते थे, इस कारण

उत्तर:163

164. बलराम का एक नाम 'हलधर' क्यों था?

(क) सदैव हल धारण करने के कारण

(ख) हल लेकर युद्ध करने के कारण

(ग) रेवती (पत्नी) से गदायुद्ध करने के कारण

(घ) गदायुद्ध के आचार्य होने के कारण

उत्तर:164

165. सात्यकि का वास्तविक नाम 'युयुधान' था, फिर उसे 'सात्यकि' क्यों कहा जाता था?

(क) श्रीकृष्ण का सारथि था, इस कारण

(ख) अर्जुन से धनुर्विद्या सीखी थी, इस कारण

(ग) अति पराक्रमी होने के कारण

(घ) 'सत्यक' का पुत्र था, इस कारण

उत्तर:165

166. इंद्र को 'देवराज' क्यों कहा जाता है?

(क) स्वर्ग के राजा थे, इस कारण

(ख) देवताओं के राजा थे, इस कारण

(ग) अनेक अप्सराओं के स्वामी थे, इस कारण

(घ) अर्जुन ने उन्हें पराजित किया था, इस कारण

उत्तर:166

167. शिव का एक नाम 'पिनाकी' क्यों था?

(क) शीघ्र क्रोधित हो जाने के कारण

(ख) हलाहल विष पी जाने के कारण

(ग) 'पिनाक' नामक त्रिशूल धारण करने के कारण

(घ) बैल की सवारी करने के कारण

उत्तर:167

168. कर्ण का वास्तविक नाम 'वसुषेण' था, फिर उसका नाम 'कर्ण' कैसे पड़ा?
(क) अपने अंग काटकर इंद्र को कवच और कुंडल दान कर देने के कारण
(ख) एक सूत के यहाँ पालन-पोषण होने के कारण
(ग) महादानी होने के कारण
(घ) सूर्यपुत्र होने के कारण

उत्तर:168

169. गंगा का एक नाम 'भागीरथी' क्यों था?

(क) पृथ्वी पर बहने के कारण

(ख) भगीरथ घोर तपस्या करके स्वर्ग से पृथ्वी पर लाए थे, इस कारण

(ग) ब्रह्मा के कमंडलु में रहने के कारण

(घ) शिव ने इन्हें अपनी जटाओं में बाँध लिया था, इस कारण

उत्तर:169

170. महाराज शांतनु (भीष्म के पिता) का नाम 'शांतनु' कैसे पड़ा?
(क) वह बहुत शांत स्वभाव के थे, इस कारण
(ख) बड़े भाई के वन चले जाने पर सत्ता सँभाली थी, इस कारण
(ग) गंगा से विवाह किया था, इस कारण
(घ) वह जिस किसी वृद्ध को भी अपने दोनों हाथों से स्पर्श कर देते थे तो वह युवा हो जाता था और अत्यंत सुख व शांति का अनुभव करने लगता था, इस कारण

उत्तर:170

171. श्रीकृष्ण को 'वासुदेव' क्यों कहा जाता था?

(क) वह द्वारका के राजा थे, इस कारण

(ख) अर्जुन को 'गीता' का उपदेश दिया था, इस कारण

(ग) वसुदेव के पुत्र होने के कारण

(घ) गोवद्र्धन पर्वत उठा लिया था, इस कारण

उत्तर:171

172. घटोत्कच की पत्नी कामकंटकटा का एक नाम 'मौर्वी' क्यों था?

(क) श्रीकृष्ण से युद्ध करने के कारण

(ख) मुर राक्षस की पुत्री होने के कारण

(ग) घटोत्कच से विवाह करने के कारण

(घ) बहुत बलवान व बुद्धिमान होने के कारण

उत्तर:172

173. भरत (दुष्यंत के पुत्र) का नाम 'भरत' कैसे पड़ा था?
(क) आकाशवाणी द्वारा महाराज दुष्यंत से इनके भरण-पोषण के लिए कहा गया था, इस कारण
(ख) इनका जन्म कण्व ऋषि के आश्रम में हुआ था, इस कारण
(ग) बहुत ही प्रजापालक थे, इस कारण
(घ) इनके पिता ने इन्हें स्वीकारने से मना कर दिया था, इस कारण

उत्तर:173

174. श्रीकृष्ण को 'मुरारि' क्यों कहा जाता है?

(क) महाभारत युद्ध में अर्जुन का सारथ्य करने के कारण

(ख) कंस का वध करने के कारण

(ग) गोवर्धन पर्वत उठाने के कारण

(घ) मुर राक्षस का वध करने के कारण

उत्तर:174

175. आचार्य कृप का नाम 'कृप' क्यों था?

(क) महाराज शांतनु द्वारा कृपापूर्वक पाले जाने के कारण

(ख) अत्यंत कृपालु होने के कारण

(ग) इनकी बहन का नाम कृपी था, इस कारण

(घ) अस्त्र विद्या के ज्ञाता था, इस कारण

उत्तर:175

176. श्रीकृष्ण का एक नाम 'रणछोड़' कैसे पड़ा?
(क) जरासंध के साथ युद्ध न कर रणभूमि छोड़कर द्वारका चले जाने के कारण
(ख) महाभारत युद्ध में न लड़ने के कारण
(ग) कालयवन से युद्ध न करने के कारण
(घ) शिशुपाल का वध राजसभा में करने के कारण

उत्तर:176

177. शकुनि को 'सौबल' क्यों कहा जाता था?

(क) सौ भानजों का मामा था, इस कारण

(ख) अत्यंत बलशाली था, इस कारण

(ग) द्यूतक्रीड़ा में पारंगत होने के कारण

(घ) महाराज सुबल का पुत्र होने के कारण

उत्तर:177

178. महर्षि च्यवन का नाम 'च्यवन' कैसे पड़ा था?

(क) सदैव युवा रहने के कारण

(ख) माता के गर्भ से स्वयमेव गिर पड़े थे और गतिशील थे, इस कारण

(ग) अश्विनीकुमारों ने सोमरस-पान कराया था, इस कारण

(घ) अत्यंत क्रोधी थे, इस कारण

उत्तर:178

179. द्रोणाचार्य का एक नाम 'रुक्मरथ' क्यों था?

(क) रथ संचालन करते हुए युद्ध करने के कारण

(ख) सोने के रथ पर चलते थे, इस कारण

(ग) महारथी होने के कारण

(घ) महान् धनुर्धर होने के कारण

उत्तर:179

180. श्रीकृष्ण को 'वार्ष्णेय' क्यों कहा जाता था?

(क) वृष्णि के वंशज होने के कारण

(ख) विष्णु के अवतार थे, इस कारण

(ग) विषधर (कालिय) को मारा था, इस कारण

(घ) कंस का वध करने के कारण

उत्तर:180

181. आचार्य परशुराम का नाम 'परशुराम' कैसे पड़ा?

(क) क्षत्रिय वंशों का संहार करने के कारण

(ख) ब्राह्मण पिता और क्षत्रिय माता से उत्पन्न होने के कारण

(ग) परशु (फरसा) धारण करने के कारण

(घ) अपनी माता का सिर काट लेने के कारण

उत्तर:181

182. दुर्योधन आदि को 'कौरव' क्यों कहा जाता है?

(क) चंद्रवंशी राजा कुरु का वंशज होने के कारण

(ख) अनाचारी होने के कारण

(ग) सौ भाई थे, इस कारण

(घ) महाभारत का युद्ध लड़ने के कारण

उत्तर:182

183. श्रीकृष्ण को 'पार्थसारथि' क्यों कहते थे?

(क) महाभारत युद्ध में न लड़ने के कारण

(ख) अर्जुन (पार्थ) का सारथि होने के कारण

(ग) महाभारत युद्ध में भीष्म को मारने दौड़े थे, इस कारण

(घ) भीमसेन द्वारा जरासंध का वध करवाने के कारण

उत्तर:183

184. अगस्त्य ऋषि का एक नाम 'समुद्रचुलुक' क्यों पड़ा?

(क) समुद्र को लाँघ जाने के कारण

(ख) विंध्य पर्वत को लाँघ जाने के कारण

(ग) समुद्र को चुल्लुओं में पी जाने के कारण

(घ) समुद्र में जन्म लेने के कारण

उत्तर:184

185. गंगा को 'जाह्नवी' क्यों कहते हैं?

(क) शिव की जटा से निकलने के कारण

(ख) ब्रह्मा के कमंडलु से निकलने के कारण

(ग) स्वर्ग से पृथ्वी पर आने के कारण

(घ) जह्नु ऋषि की जंघा से निकलने के कारण

उत्तर:185

186. दैत्यों को 'दैत्य' क्यों कहा गया?

(क) मांस खाने के कारण

(ख) असभ्य होने के कारण

(ग) दिति के वंशज होने के कारण

(घ) लूट-मार करने के कारण

उत्तर:186

187. देवताओं के सेनापति कार्त्तिकेय का नाम 'कार्त्तिकेय' कैसे पड़ा?

(क) शिवजी के पुत्र होने के कारण

(ख) कृत्तिकाओं द्वारा पालन किए जाने के कारण

(ग) कृत्तिका नक्षत्र में जन्म लेने के कारण

(घ) दानवों का संहार करने के कारण

उत्तर:187

188. युयुत्सु का एक नाम 'करण' क्यों था?

(क) कानों में कुंडल पहनने के कारण

(ख) माता द्वारा त्याग दिए जाने के कारण

(ग) वैश्य माता और क्षत्रिय पिता से उत्पन्न होने के कारण

(घ) धृतराष्ट्र (पिता) द्वारा राज्य से निकाल देने के कारण

उत्तर:188

189. कुरुक्षेत्र का एक नाम 'समंतपंचक' क्यों था?

(क) उस क्षेत्र में पाँच कुंड या सरोवर होने के कारण

(ख) उस क्षेत्र में महाभारत युद्ध होने के कारण

(ग) उस क्षेत्र में पांडव पराजित नहीं हुए थे, इस कारण

(घ) उस क्षेत्र में अनेक वीर मारे गए थे, इस कारण

उत्तर:189

190. वेदव्यास का एक नाम 'कृष्ण' क्यों था?

(क) कृष्ण वर्ण का होने के कारण

(ख) कुँवारी माता के गर्भ से जन्म लेने के कारण

(ग) द्वीप में जन्म लेने के कारण

(घ) महाभारत के रचयिता होने के कारण

उत्तर:190

191. शिव का एक नाम 'सर्पमाली' क्यों था?

(क) विष पीने के कारण

(ख) अर्जुन से युद्ध करने के कारण

(ग) पाशुपतास्त्र धारण करने के कारण

(घ) सर्पों की माला पहनने के कारण

उत्तर:191

192. अभिमन्यु को 'सौभद्र' क्यों कहते थे?

(क) चक्रव्यूह तोड़ने के कारण

(ख) सुभद्रा का पुत्र होने के कारण

(ग) अति पराक्रमी होने के कारण

(घ) श्रीकृष्ण का भानजा होने के कारण

उत्तर:192

4

संख्याओं को भी जानें

193. महाभारत ग्रंथ में कुल कितने प्रमुख पर्व हैं?

(क) 18

(ख) 10

(ग) 12

(घ) 24

उत्तर:193

194. महाभारत ग्रंथ में कुल कितने अध्याय हैं?

(क) 1056

(ख) 2351

(ग) 2128

(घ) 1846

उत्तर:194

195. महाभारत ग्रंथ में कुल कितने श्लोक हैं?

(क) लगभग 45,000

(ख) लगभग 65,000

(ग) लगभग 1,00,217

(घ) लगभग 1,00,000

उत्तर:195

196. महाभारत का युद्ध आज से लगभग कितने वर्ष पूर्व लड़ा गया था?

(क) 3,000 वर्ष पूर्व

(ख) 10,000 वर्ष पूर्व

(ग) 5,000 वर्ष पूर्व

(घ) 8,000 वर्ष पूर्व

उत्तर:196

197. महाभारत युद्ध का वर्णन महाभारत ग्रंथ में कितने अध्यायों में किया गया है?

(क) 509

(ख) 415

(ग) 180

(घ) 726

उत्तर:197

198. महाभारत युद्ध में कुल कितनी अक्षौहिणी सेना ने भाग लिया था?

(क) 20

(ख) 15

(ग) 11

(घ) 18

उत्तर:198

199. कौरवों की ओर से कुल कितनी अक्षौहिणी सेना महाभारत युद्ध में लड़ी थी?

(क) 5

(ख) 7

(ग) 12

(घ) 11

उत्तर:199

200. पांडवों की ओर से कुल कितनी अक्षौहिणी सेना महाभारत युद्ध में लड़ी थी?

(क) 3

(ख) 5

(ग) 7

(घ) 8

उत्तर:200

201. एक अक्षौहिणी सेना में कुल कितने पैदल सैनिक होते थे?

(क) 50,000

(ख) 62,525

(ग) 21,870

(घ) 1,09,350

उत्तर:201

202. एक अक्षौहिणी सेना में कुल कितने घोड़े होते थे?

(क) 65,610

(ख) 10,000

(ग) 50,000

(घ) 1,00,000

उत्तर:202

203. एक अक्षौहिणी सेना में कुल कितने रथ होते थे?

(क) 5,000

(ख) 10,000

(ग) 15,000

(घ) 21,870

उत्तर:203

204. एक अक्षौहिणी सेना में कुल कितने हाथी होते थे?

(क) 21,870

(ख) 65,000

(ग) 50,000

(घ) 80,000

उत्तर:204

205. महाभारत का युद्ध कुल कितने दिन तक चला था?

(क) 18

(ख) 10

(ग) 20

(घ) 7

उत्तर:205

206. महाभारत युद्ध में कुल कितने योद्धा मारे गए थे?

(क) 1,80,00,00,000

(ख) 1,66,00,20,000

(ग) 1,13,64,72,000

(घ) 72,00,00,000

उत्तर:206

207. महाभारत युद्ध में कुल कितने सैनिक लापता थे?

(क) 1,10,603

(ख) 54,110

(ग) 24,165

(घ) 72,503

उत्तर:207

208. महाभारत युद्ध में कुल कितने प्रकार के व्यूहों की रचना की गई थी?

(क) 15

(ख) 17

(ग) 9

(घ) 21

उत्तर:208

209. अभिमन्यु को कुल कितने महारथियों ने मिलकर मारा था?

(क) 7

(ख) 10

(ग) 6

(घ) 9

उत्तर:209

210. युधिष्ठिर ने शांति प्रस्ताव के अंतर्गत दुर्योधन से कुल कितने गाँव माँगे थे?

(क) 10

(ख) 20

(ग) 50

(घ) 5

उत्तर:210

211. श्रीकृष्ण ने शिशुपाल के कितने अपराध क्षमा करने का वचन उसकी माँ को दिया था?

(क) 1,000

(ख) 100

(ग) 121

(घ) 111

उत्तर:211

212. अश्वत्थामा द्वारा ब्रह्मास्त्र गिराकर उत्तरा के गर्भस्थ शिशु को मार देने पर श्रीकृष्ण ने अश्वत्थामा को कितने वर्षों तक पृथ्वी पर भटकते रहने का शाप दिया था?

(क) 1,000

(ख) 5,000

(ग) 5,000

(घ) 3,000

उत्तर:212

213. अर्जुन की कुल कितनी पत्नियाँ थीं?

(क) 4

(ख) 5

(ग) 6

(घ) 7

उत्तर:213

214. कुंती के कुल कितने पुत्र थे?

(क) 5

(ख) 3

(ग) 6

(घ) 4

उत्तर:214

215. महाराज पांडु की कितनी पत्नियाँ थीं?

(क) 2

(ख) 1

(ग) 4

(घ) 3

उत्तर:215

216. द्रौपदी के पुत्रों की संख्या कुल कितनी थी?

(क) 7

(ख) 10

(ग) 5

(घ) 12

उत्तर:216

217. गांधारी के कुल कितने पुत्र थे?

(क) 70

(ख) 80

(ग) 90

(घ) 100

उत्तर:217

218. भीष्म पितामह महाभारत युद्ध के किस दिन शर-शय्या पर जा पड़े थे?

(क) 8वें

(ख) 10वें

(ग) 13वें

(घ) 18वें

उत्तर:218

219. कर्ण का वध युद्ध के किस दिन हुआ था?

(क) 17वें

(ख) 16वें

(ग) 18वें

(घ) 15वें

उत्तर:219

220. सत्यवती के कुल कितने पुत्र थे?

(क) 2

(ख) 5

(ग) 1

(घ) 3

उत्तर:220

221. भीम की कुल कितनी पत्नियाँ थीं?

(क) 4

(ख) 2

(ग) 1

(घ) 3

उत्तर:221

222. माद्री के कुल पुत्रों की संख्या कितनी थी?

(क) 1

(ख) 5

(ग) 2

(घ) 3

उत्तर:222

223. अर्जुन के कुल कितने पुत्र थे?

(क) 4

(ख) 5

(ग) 6

(घ) 2

उत्तर:223

224. द्यूत में हारने के पश्चात् पांडवों को कितने वर्षों का वनवास मिला था?

(क) 10

(ख) 1

(ग) 13

(घ) 12

उत्तर:224

225. पांडवों की कुल कितनी संख्या थी?

(क) 6

(ख) 5

(ग) 10

(घ) 7

उत्तर:225

226. पाँचों पांडवों के कुल कितने पुत्र थे?

(क) 13

(ख) 8

(ग) 11

(घ) 17

उत्तर:226

227. महाराज शांतनु कुल कितने भाई थे?

(क) 5

(ख) 3

(ग) 2

(घ) 7

उत्तर:227

228. श्रीकृष्ण की कितनी रानियाँ थीं?

(क) 8

(ख) 10

(ग) 15

(घ) 21

उत्तर:228

229. पांडवों की ओर से लड़ने के लिए मगध से कितनी सेना आई थी?

(क) 4 अक्षौहिणी

(ख) 1 अक्षौहिणी

(ग) 2 अक्षौहिणी

(घ) 3 अक्षौहिणी

उत्तर:229

230. श्रीकृष्ण की नारायणी सेना के सैनिकों की कुल कितनी संख्या थी?

(क) 1,00,00,00,000

(ख) 20,00,00,000

(ग) 10,00,00,000

(घ) 60,00,00,000

उत्तर:230

231. महाभारत युद्ध में अर्जुन ने कुल कितने दिन पांडव सेना का सेनापतित्व किया था?

(क) 2

(ख) 3

(ग) 10

(घ) 8

उत्तर:231

232. कर्ण ने महाभारत युद्ध में कितने दिनों तक भाग लिया था?

(क) 10

(ख) 7

(ग) 2

(घ) 17

उत्तर:232

233. पितामह भीष्म महाभारत युद्ध में पांडवों के विरुद्ध कुल कितने दिन तक लड़े थे?

(क) 10

(ख) 16

(ग) 5

(घ) 13

उत्तर:233

234. पूरुवंशी राजा अजमीढ़ के पुत्रों की संख्या कितनी थी?

(क) 60

(ख) 124

(ग) 100

(घ) 40

उत्तर:234

235. चित्ररथ गंधर्व ने मित्रतास्वरूप अर्जुन को कुल कितने दिव्य अश्व भेंट किए थे?

(क) 6

(ख) 100

(ग) 118

(घ) 121

उत्तर:235

236. हस्तिनापुर-नरेश चित्रांगद और गंधर्वराज चित्रांगद के बीच सरस्वती नदी के तट पर कितने वर्षों तक युद्ध चलता रहा था?

(क) 5

(ख) 1

(ग) 7

(घ) 3

उत्तर:236

237. जनमेजय कुल कितने भाई थे?

(क) 4

(ख) 5

(ग) 6

(घ) 7

उत्तर:237

238. जरासंध और भीमसेन का युद्ध कितने दिन तक चलता रहा था?

(क) 7

(ख) 14

(ग) 21

(घ) 11

उत्तर:238

239. भीमसेन में कितने हाथियों का बल था?

(क) 1,000

(ख) 10,000

(ग) 12,000

(घ) 15,000

उत्तर:239

240. गांधारी की कुल कितनी बहनें थीं?

(क) 2

(ख) 5

(ग) 9

(घ) 6

उत्तर:240

241. महाभारत युद्ध में पितामह भीष्म ने कुल कितने सैनिकों का संहार किया था?

(क) 1,00,00,00,000

(ख) 10,00,00,000

(ग) 3,00,00,00,000

(घ) 15,00,00,000

उत्तर:241

242. मत्स्य देश के सेनापति कीचक, जिसे भीमसेन ने मार डाला था, के कुल कितने भाई थे?

(क) 100

(ख) 105

(ग) 121

(घ) 140

उत्तर:242

243. गांधारी के अतिरिक्त धृतराष्ट्र की अन्य कितनी रानियाँ थीं?

(क) 5

(ख) 9

(ग) 10

(घ) 11

उत्तर:243

244. युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ के समय अर्जुन ने ब्राह्मणों को कितने बैल दान किए थे?

(क) 500

(ख) 511

(ग) 1,000

(घ) 1,700

उत्तर:244

245. युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में अभिषेक के समय वसुदान जो हाथी लेकर आया था उसकी आयु कितनी थी?

(क) 20 वर्ष

(ख) 60 वर्ष

(ग) 70 वर्ष

(घ) 80 वर्ष

उत्तर:245

246. पांडवों के राजसूय यज्ञ में श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को भेंटस्वरूप विशाल आकार के हाथी दिए थे। उन हाथियों की संख्या कितनी थी?

(क) 10,000

(ख) 14,000

(ग) 15,000

(घ) 17,000

उत्तर:246

247. 'पांडवों में से जब एक भाई द्रौपदी के साथ एकांतवास कर रहा होगा तो दूसरा भाई वहाँ नहीं जाएगा; किंतु यदि कोई भाई द्रौपदी के एकांतवास को देख लेगा तो उसे ब्रह्मचारी रहकर वन में रहना पड़ेगा।' पांडवों की इस शर्त में कितने समय के वनवास की बात तय थी?

(क) 12 वर्ष

(ख) 14 वर्ष

(ग) 16 वर्ष

(घ) 17 वर्ष

उत्तर:247

248. श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश 'गीता' में कुल कितने अध्याय हैं?

(क) 10

(ख) 12

(ग) 18

(घ) 20

उत्तर:248

249. शांतनु से गंगा के भीष्म के अतिरिक्त और कितने पुत्र उत्पन्न हुए थे?

(क) 5

(ख) 7

(ग) 11

(घ) 9

उत्तर:249

250. अर्जुन के कुल कितने नाम थे?

(क) 10

(ख) 7

(ग) 13

(घ) 9

उत्तर:250

251. लाक्षागृह में जलकर भस्म हो जानेवाली भीलनी के साथ उसके कितने पुत्र भी भस्म हो गए थे?

(क) 3

(ख) 4

(ग) 5

(घ) 7

उत्तर:251

252. अर्जुन स्वर्ग में इंद्र के पास कितने वर्ष तक रहे थे?

(क) 5

(ख) 2

(ग) 10

(घ) 1

उत्तर:252

253. भीमसेन अकेले ही कितने रथियों के समान माने जाते थे?

(क) 7

(ख) 8

(ग) 9

(घ) 10

उत्तर:253

254. अश्विनीकुमार कुल कितने हैं?

(क) 2

(ख) 3

(ग) 4

(घ) 5

उत्तर:254

255. महाभारत युद्ध में सात्यकि कुल कितनी सेना लेकर पांडवों के पक्ष में लड़ने आया था?

(क) 50,000 रथ

(ख) 2 अक्षौहिणी

(ग) 65,000 घोड़े

(घ) 1 अक्षौहिणी

उत्तर:255

256. गंगा के गर्भ से कुल कितने वसुओं ने जन्म लिया था?

(क) 8

(ख) 7

(ग) 2

(घ) 13

उत्तर:256

257. राक्षसों के कुल कितने भेद माने गए हैं?

(क) 5

(ख) 3

(ग) 7

(घ) 11

उत्तर:257

258. श्रीकृष्ण के कुल कितने पुत्र थे?

(क) 70

(ख) 80

(ग) 90

(घ) 100

उत्तर:258

259. द्वापर युग के कुल कितने दिव्य वर्ष माने गए हैं?

(क) 2,400

(ख) 1,00,000

(ग) 2,000

(घ) 2,700

उत्तर:259

260. द्यूत की शर्त के अनुसार पांडवों को कुल कितने वर्ष का अज्ञातवास दिया गया?

(क) 14

(ख) 12

(ग) 13

(घ) 1

उत्तर:260

261. धृतराष्ट्र के कुल कितने पुत्र थे?

(क) 100

(ख) 101

(ग) 102

(घ) 103

उत्तर:261

262. परशुराम ने कुल कितनी बार पृथ्वी से क्षत्रियों का संहार किया था?

(क) 18

(ख) 21

(ग) 31

(घ) 27

उत्तर:262

263. धनुर्वेद के कुल कितने भेद माने जाते हैं?

(क) 9

(ख) 4

(ग) 3

(घ) 6

उत्तर:263

264. मुनि धौम्य ने युधिष्ठिर को सूर्य के कुल कितने नाम बताए थे?

(क) 33

(ख) 101

(ग) 108

(घ) 109

उत्तर:264

265. महाभारत ग्रंथ में कपिला गौ के कुल कितने भेद बताए गए हैं?

(क) 10

(ख) 7

(ग) 13

(घ) 18

उत्तर:265

266. महाभारत ग्रंथ में शिव के कुल कितने नाम गिनाए गए हैं?

(क) 100

(ख) 101

(ग) 1,008

(घ) 1,009

उत्तर:266

267. महाभारत में विष्णु के कुल कितने नाम गिनाए हैं?

(क) 1,008

(ख) 108

(ग) 1,001

(घ) 1,000

उत्तर:267

268. द्रौपदी ने कितने पांडवों के साथ विवाह किया था?

(क) 2

(ख) 3

(ग) 4

(घ) 5

उत्तर:268

269. वसुदेव के कुल कितनी पत्नियाँ थीं?

(क) 4

(ख) 2

(ग) 5

(घ) 3

उत्तर:269

270. कर्ण ने कुंती को उसके कितने पुत्रों को न मारने का वचन दिया था?

(क) 2

(ख) 3

(ग) 4

(घ) 5

उत्तर:270

271. मल्ल-युद्ध में कुल कितने प्रकार के मंडल बताए जाते हैं?

(क) 3

(ख) 4

(ग) 5

(घ) 6

उत्तर:271

5

किसने क्या कहा था

272. 'यदि मैं रणभूमि में श्रीकृष्ण से अस्त्र न उठवा लूँ तो अपने पिता का पुत्र नहीं।' यह प्रण किसने किया था?

(क) द्रोणाचार्य

(ख) भीष्म

(ग) कर्ण

(घ) शल्य

उत्तर:272

273. 'पांडवों को मैं सूई की नोक बराबर भूमि भी बिना युद्ध के नहीं दूँगा।' यह कहनेवाला कौन था?

(क) दुर्योधन

(ख) धृतराष्ट्र

(ग) दु:शासन

(घ) भीष्म

उत्तर:273

274. 'यदि सूर्यास्त होने से पहले मैं जयद्रथ का वध न कर दूँगा तो चिता में जलकर भस्म हो जाऊँगा।' यह प्रतिज्ञा किसने की थी?

(क) भीमसेन

(ख) युधिष्ठिर

(ग) अर्जुन

(घ) सात्यकि

उत्तर:274

275. 'मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं विवाह नहीं करूँगा। और आज से मेरा ब्रह्मचर्य आजीवन अखंड रहेगा।' यह प्रतिज्ञा किस महान् वीर ने की थी?

(क) कृपाचार्य

(ख) कर्ण

(ग) युधिष्ठिर

(घ) भीष्म

उत्तर:275

276. 'अश्वत्थामा हतो नरो वा कुंजरः।' यह किसने कहा था?

(क) भीमसेन

(ख) श्रीकृष्ण

(ग) युधिष्ठिर

(घ) सहदेव

उत्तर:276

277. 'मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि रणभूमि में मैं पापी दु:शासन की छाती फाड़ डालूँगा और उसका गरम रक्त पीऊँगा।' यह भीषण प्रतिज्ञा किसने की थी?

(क) भीमसेन

(ख) अर्जुन

(ग) धृष्टद्युम्न

(घ) चेकितान

उत्तर:277

278. 'आज युद्धक्षेत्र में हम या तो अर्जुन को मारकर आएँगे अथवा स्वयं मारे जाएँगे।' यह प्रतिज्ञा किनकी थी?

(क) संशप्तकों

(ख) कौरवों

(ग) गोप सैनिकों

(घ) अंगदेशीय वीरों

उत्तर:278

279. 'अर्जुन, योद्धा को अपने शस्त्र सहित चिता पर चढ़ना चाहिए।' अर्जुन से यह वाक्य किसने कहा था?

(क) युधिष्ठिर

(ख) श्रीकृष्ण

(ग) द्रोणाचार्य

(घ) द्रुपद

उत्तर:279

280. 'नहीं, मैं सूतपुत्र के गले में वरमाला नहीं डाल सकती।' यह घोषणा किसने की थी?

(क) रुक्मिणी

(ख) द्रौपदी

(ग) सुभद्रा

(घ) बलंधरा

उत्तर:280

281. 'दुर्योधन! सुन, यदि युद्धक्षेत्र में तेरी यह जाँघ मैंने अपनी गदा से न तोड़ दी तो मैं अपने पूर्व पुरुषों की तरह सद्गति न प्राप्त करूँ।' यह भीषण वाक्य किसने कहा था?

(क) बलराम

(ख) पौंड्रक

(ग) भीमसेन

(घ) मेघसंधि

उत्तर:281

282. 'जाओ, मैं वचन देता हूँ कि मैं युद्ध में अर्जुन के अतिरिक्त अन्य किसी पांडव को नहीं मारूँगा।' यह वचन किसने किसको दिया था?

(क) दुर्योधन ने गांधारी को

(ख) द्रोणाचार्य ने कुंती को

(ग) भीष्म ने श्रीकृष्ण को

(घ) कर्ण ने कुंती को

उत्तर:282

283. ‘युधिष्ठिर! बताओ, सबसे तेज गति किस वस्तु की है?’ यह प्रश्न युधिष्ठिर से किसने पूछा था?

(क) सर्प रूपी नहुष ने

(ख) यक्ष रूपी धर्मराज ने

(ग) श्रीकृष्ण ने

(घ) गुरु द्रोण ने

उत्तर:283

284. ‘यदि युद्ध में अर्जुन मारा गया तो मैं युधिष्ठिर के साथ हो जाऊँगा, तब पांडव पाँच हो जाएँगे और यदि मैं मारा गया तो अर्जुन सहित पांडव पाँच ही रहेंगे।’ कर्ण ने यह किससे कहा था?

(क) कुंती

(ख) श्रीकृष्ण

(ग) महर्षि व्यास

(घ) इंद्र

उत्तर:284

285. ‘गुरुजी, मुझे तो केवल चिड़िया की आँख दिखाई दे रही है।’ यह किसने किससे कहा था?

(क) कर्ण ने आचार्य परशुराम से

(ख) एकलव्य ने द्रोणाचार्य से

(ग) अर्जुन ने द्रोणाचार्य से

(घ) भीमसेन ने कृपाचार्य से

उत्तर:285

286. ‘इस आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते, अग्नि जला नहीं सकती, जल गला नहीं सकता और वायु सुखा नहीं सकता।’ यह प्रसिद्ध वाक्य किसने कहा था?

(क) युधिष्ठिर

(ख) अर्जुन

(ग) श्रीकृष्ण

(घ) वेदव्यास

उत्तर:286

287. 'मनुष्यों में से किसी ने भी, वह चाहे कोई भी हो, यदि गांडीव का अपमान किया तो मैं निश्चय ही उसका वध कर डालूँगा।' यह प्रतिज्ञा किसने की थी?

(क) अर्जुन

(ख) वरुण

(ग) इंद्र

(घ) श्रीकृष्ण

उत्तर:287

288. 'यद्यपि मैं बालक हूँ, तो भी संपूर्ण प्राणी देखेंगे कि मैं किस तरह आज अकेले ही शत्रु सेना को काल का ग्रास बनाता हूँ। यदि जीते-जी युद्ध में मेरे सामने आकर कोई जीवित बच जाए तो मैं अर्जुन का पुत्र नहीं।' ये वीरोचित उद्गार किसके मुख से निकले थे?

(क) इरावान्

(ख) अभिमन्यु

(ग) बभ्रुवाहन

(घ) श्रुतकीर्ति

उत्तर:288

289. 'माँ, आज हम लोग यह भिक्षा लाए हैं।'...'पुत्र, पाँचों भाई मिलकर उसका उपभोग करो।' उपर्युक्त संवाद में से द्वितीय वाक्य किसने कहा था?

(क) द्रौपदी

(ख) कुंती

(ग) सत्यवती

(घ) माद्री

उत्तर:289

290. 'राजन्! मैं तुम्हारी रानी बनूँगी; किंतु एक शर्त है कि मैं भला या बुरा जो भी करूँ, आप मुझे रोकेंगे नहीं तथा न ही मुझे अप्रिय वचन कहेंगे।' यह किसने कहा था?

(क) सत्यवती

(ख) उलूपी

(ग) गंगा

(घ) अंबा

उत्तर:290

291. 'द्रोण! तुम्हारी बुद्धि अभी परिपक्व नहीं हुई। देखो न, तुमने कैसे बिना विचार किए कह दिया कि मैं तुम्हारा सखा हूँ! तब हम दोनों समान थे तो हममें मित्रता थी। किंतु अब मैं धनी हूँ और तुम निर्धन। तुम्हारी-मेरी क्या समानता! तुम्हारा मित्रता का दावा हास्यास्पद है। तुम कहते हो कि मैंने तुम्हें राज्य देने का वादा किया था; पर मुझे तो कुछ स्मरण नहीं है। हाँ, यदि तुम चाहो तो हमारे यहाँ इच्छानुसार भोजन कर सकते हो।' द्रोणाचार्य से ये कटुवचन किसने कहे थे?

(क) भीष्म

(ख) द्रुपद

(ग) विराट

(घ) धृतराष्ट्र

उत्तर:291

292. 'स्वयंवर में पधारे नरपतियो और राजकुमारो! यह धनुष है, ये बाण हैं और यह आप लोगों के सामने लक्ष्य है। आप लोग घूमते हुए यंत्र के छिद्र में से अधिक-से-अधिक पाँच बाण मारकर लक्ष्यवेध कर दें। जो वीर धनुर्धर यह महान् कौशल कर दिखाएगा उसे ही मेरी बहन पति के रूप में वरण करेगी।' यह घोषणा किसने किसके स्वयंवर में की थी?

(क) सुशर्मा ने बलंधरा के स्वयंवर में

(ख) धृष्टद्युम्न ने द्रौपदी के स्वयंवर में

(ग) रुक्मि ने रुक्मिणी के स्वयंवर में

(घ) भोज ने कुंती के स्वयंवर में

उत्तर:292

293. ‘अर्जुन ने हमारे वंश की महत्ता समझकर ही हमारी बहन का हरण किया है। उनका कार्य क्षत्रिय धर्म के अनुरूप हुआ है और हमारे योग्य है। कुंतिभोज के दौहित्र को अपनी कन्या देना हमारे लिए सम्मान और गर्व की बात होगी। सुभद्रा और अर्जुन की जोड़ी बहुत सुंदर रहेगी।’ यह बात किसने कही थी?

(क) बलराम

(ख) सत्यक

(ग) श्रीकृष्ण

(घ) वसुदेव

उत्तर:293

294. ‘जिसकी गोद में जाने पर इस बालक की दो अतिरिक्त भुजाएँ गिर पड़ें और जिसके देखने मात्र से इसका तीसरा नेत्र लुप्त हो जाए, उसी के हाथों इसकी मृत्यु होगी!’ यह आकाशवाणी किस बालक के संबंध में हुई थी?

(क) जयद्रथ

(ख) जरासंध

(ग) शिशुपाल

(घ) शकुनि

उत्तर:294

295. ‘यदि इस कृष्ण ने बचपन में किसी पक्षी (बकासुर) , घोड़े (केशी) अथवा बैल (वृषभासुर) को मार ही डाला तो क्या हुआ? वे कोई योद्धा तो नहीं थे। यदि इसने चेतनाहीन छकड़े (शकटासुर) को पैर मारकर उलट दिया तो क्या चमत्कार कर दिया? यदि इसने गोवर्धन पर्वत को सात दिन तक उठाए रखा तो कौन सी अलौकिक घटना घट गई? अवश्य ही यह सुनकर आश्चर्य हुआ कि पेटू कृष्ण ने गोवर्धन पर बहुत सा अन्न खा लिया। जिस महाबली कंस का नमक खाकर यह पला था, उन्हीं को इसने मार डाला। है न कृतघ्नता की हद!’ श्रीकृष्ण को ये दुर्वचन किसने कहे थे?

(क) जरासंध

(ख) शिशुपाल

(ग) दंतवक्त्र

(घ) शाल्व

उत्तर:295

296. ‘कृष्ण, मैं तुम्हें ललकारता हूँ। आओ, मुझसे भिड़ जाओ। मैं पांडवों के साथ तुम्हें यमपुरी भेज दूँ। पांडवों ने मूर्खतावश तुम्हारे जैसे दास, मूर्ख और अयोग्य की पूजा की है।’ यह मूर्खतापूर्ण ललकार किसकी थी?

(क) शिशुपाल

(ख) दुर्योधन

(ग) शाल्व

(घ) पौंड्रक वासुदेव

उत्तर:296

297. ‘नरपतियो! मैंने इसे अब तक जो क्षमा किया था, उसका कारण यह था कि मैंने इसकी माता की प्रार्थना से इसके सौ अपराध क्षमा करने की बात स्वीकार कर ली थी। अब मेरे वचन के अनुसार वह संख्या पूरी हो गई। इसलिए आप लोगों के सामने ही मैं इसका सिर धड़ से अलग किए देता हूँ।’ यह बात किसने किसके लिए कही थी?

(क) श्रीकृष्ण ने शिशुपाल के लिए

(ख) अर्जुन ने चित्ररथ के लिए

(ग) कर्ण ने अर्जुन के लिए

(घ) भीष्म ने कर्ण के लिए

उत्तर:297

298. ‘मेरे प्रिय शिष्यो! गुरुदक्षिणा के रूप में तुम द्रुपद को बाँधकर मेरे सम्मुख लाओ।’ यह आदेश किस गुरु का था?

(क) परशुराम

(ख) द्रोणाचार्य

(ग) कृपाचार्य

(घ) अग्निवेश

उत्तर:298

299. ‘एकलव्य! यदि तुम सचमुच मुझे अपना गुरु मानते हो तो गुरुदक्षिणास्वरूप अपने दाहिने हाथ का अँगूठा अर्पित करो।’ एकलव्य से यह गुरुदक्षिणा किसने माँगी थी?

(क) कृपाचार्य

(ख) द्रोणाचार्य

(ग) परशुराम

(घ) श्रीकृष्ण

उत्तर:299

300. 'बृहन्नला! तुम संग्राम भूमि में आए हुए भीष्म, द्रोण आदि कौरवों को जीतकर हमारी गुड़ियों के लिए रंग-बिरंगे महीन और कोमल वस्त्र लाना।' बृहन्नला बने अर्जुन से यह किसने कहा था?

(क) उत्तरा

(ख) सुदेष्णा

(ग) सैरंध्री

(घ) विराट

उत्तर:300

301. 'राजाओ! मैं तुम लोगों के सामने इन कन्याओं का बलपूर्वक हरण करता हूँ। तुम लोग अपनी पूरी शक्ति लगाकर मुझे जीत लो या हारकर भाग जाओ। मैं तुम लोगों के सामने युद्ध के लिए खड़ा हूँ।' यह ललकार किसके मुख से निकली थी?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) भीष्म

(ग) अर्जुन

(घ) भीमसेन

उत्तर:301

302. 'अर्जुन, जिस समय देवाधिदेव महादेव तुमपर प्रसन्न होंगे उस समय तुम्हारे तप के प्रभाव से मैं तुम्हें अपने सारे अस्त्र दे दूँगा।' अर्जुन से यह किसने कहा था?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) आचार्य परशुराम

(ग) इंद्र

(घ) द्रोणाचार्य

उत्तर:302

303. 'मयासुर, यदि तुम धर्मराज युधिष्ठिर का प्रिय कार्य करना चाहते हो तो अपनी रुचि के अनुसार उनके लिए एक सभा बना दो। सभा ऐसी हो कि चतुर शिल्पी भी देखकर उसकी नकल न कर सकें। उसमें देवता, मनुष्य और असुरों का संपूर्ण कला-कौशल प्रकट होना चाहिए।' मयासुर को यह आज्ञा किसने दी थी?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) अर्जुन

(ग) विदुर

(घ) इंद्र

उत्तर:303

304. 'मेरे लिए स्त्री, मित्र अथवा भाई-बंधु कोई भी अर्जुन से बढ़कर प्रिय नहीं है। इस संसार को अर्जुन के बिना मैं एक क्षण भी नहीं देख सकता।' यह किसने कहा था?

(क) द्रोणाचार्य

(ख) युधिष्ठिर

(ग) भीष्म

(घ) श्रीकृष्ण

उत्तर:304

305. 'महाभारत युद्ध में एक ओर मेरी संपूर्ण सेना रहेगी और दूसरी ओर मैं स्वयं रहूँगा; किंतु मैं न तो युद्ध करूँगा और न शस्त्र ही धारण करूँगा।' यह घोषणा किसने की थी?

(क) रुक्मि

(ख) श्रीकृष्ण

(ग) बलराम

(घ) शिशुपाल

उत्तर:305

306. 'अर्जुन, देखते क्या हो? सूर्यास्त अभी नहीं हुआ। वह रहा जयद्रथ। अपना गांडीव उठाओ और उसका वध करो।' अर्जुन से यह किसने कहा था?

(क) युधिष्ठिर

(ख) भीमसेन

(ग) श्रीकृष्ण

(घ) विराट

उत्तर:306

307. ‘राजन्, जिस समय कर्ण और अर्जुन रथों पर चढ़कर आपस में युद्ध करेंगे उस समय आपको कर्ण का सारथि बनना होगा—इसमें संदेह नहीं है। यदि आप मेरा भला चाहते हैं तो उस समय अर्जुन की रक्षा करें और मेरी विजय के लिए कर्ण का उत्साह भंग करते रहें।’ यह किसने किससे कहा था?

(क) युधिष्ठिर ने शल्य से

(ख) युधिष्ठिर ने भगदत्त से

(ग) भीमसेन ने सुबल से

(घ) श्रीकृष्ण ने कृतवर्मा से

उत्तर:307

308. ‘जब तक महाभारत के युद्ध में पितामह भीष्म रहेंगे, मैं युद्ध में भाग नहीं लूँगा—और न ही युद्धक्षेत्र में रहूँगा।’ यह प्रतिज्ञा किसने की थी?

(क) शल्य

(ख) कर्ण

(ग) भगदत्त

(घ) द्रोणाचार्य

उत्तर:308

309. ‘युवराज दुर्योधन! आप पहले आए हैं, इसमें तो संदेह नहीं, किंतु मैंने पहले देखा अर्जुन को है; अत: आप पहले आए हैं और अर्जुन को मैंने पहले देखा है—इसलिए मैं दोनों ही की सहायता करूँगा।’ यह निर्णय किसका था?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) रुक्मि

(ग) भगदत्त

(घ) चेकितान

उत्तर:309

310. 'कर्ण, तुमने अच्छी तरह सोच-विचारकर बाण नहीं छोड़ा था, इसलिए मैं अर्जुन का मस्तक न उड़ा सका। अब जरा निशाना साधकर चलाओ, फिर मैं अपने और तुम्हारे इस शत्रु का सिर अभी काट डालता हूँ।' कर्ण से यह किसने कहा था?

(क) अश्वसेन नाग

(ख) शल्य

(ग) दुर्योधन

(घ) भूरिश्रवा

उत्तर:310

311. 'युद्ध में मैं शिखंडी को नहीं मारूँगा, क्योंकि पहले वह स्त्री रूप में उत्पन्न हुआ था।' यह घोषणा किसने की थी?

(क) द्रोणाचार्य

(ख) अर्जुन

(ग) भीष्म पितामह

(घ) कर्ण

उत्तर:311

312. 'हे पार्थ! युद्ध के आरंभ में शत्रुओं को पराजित करने के लिए तुम पवित्र होकर दुर्गा देवी की स्तुति करो।' यह आज्ञा किसने किसको दी थी?

(क) श्रीकृष्ण ने अर्जुन को

(ख) द्रोणाचार्य ने अर्जुन को

(ग) युधिष्ठिर ने अर्जुन को

(घ) श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को

उत्तर:312

313. 'श्रीकृष्ण, युद्धक्षेत्र में डटे हुए इस स्वजन समुदाय को देखकर मेरे अंग शिथिल हुए जा रहे हैं और मुख सूखा जा रहा है। हाथ से धनुष गिर रहा है। केशव! मैं न तो विजय चाहता हूँ और न राज्य तथा सुखों को ही। हमें जिनके लिए राज्य, भोग और सुख आदि अभीष्ट हैं वे ही ये सब धन और जीवन की आशा को त्यागकर युद्ध में खड़े हैं। गुरुजन, ताऊ-चाचे, लड़के और उसी प्रकार दादे, मामे, ससुर, नाती, साले तथा और भी संबंधी लोग हैं। श्रीकृष्ण, तीनों लोकों के राज्य के लिए भी मैं इन्हें नहीं मारना चाहता।' यह सब किसने कहाँ कहा था?

(क) युधिष्ठिर ने मत्स्य देश में

(ख) अर्जुन ने कुरुक्षेत्र में

(ग) बलराम ने मथुरा में

(घ) सात्यकि ने विदर्भ में

उत्तर:313

314. 'पुत्र अर्जुन! तुम्हारे बाणों से मेरा शरीर जल रहा है। मर्म स्थानों में बहुत पीड़ा हो रही है। मेरा मुँह सूखता चला जा रहा है। मुझे पानी पिलाओ। तुममें यह सामर्थ्य है।' अर्जुन से इस प्रकार किसने कहा था?

(क) पितामह भीष्म

(ख) द्रोणाचार्य

(ग) सुबल

(घ) बाह्लीक

उत्तर:314

315. 'कर्ण! पांडवों के वनवास का तेरहवाँ वर्ष बीत जाने पर भी जब तुमने उनका राज्य वापस नहीं लौटाने दिया था तब तुम्हारा धर्म कहाँ था? वारणावत में लाक्षागृह में सोए पांडवों को भस्म कर डालने का जब तुमने षड्यंत्र रचा था तब तुम्हारा धर्म कहाँ था? अभिमन्यु बालक था और वह भी अकेला व निरस्त्र, तो भी तुम छह-छह महारथियों ने घेरकर उसे मार डाला था, उस समय तुम्हारा धर्म कहाँ था?' कर्ण से इस प्रकार किसने प्रश्न-पर-प्रश्न किए थे?

(क) अर्जुन

(ख) श्रीकृष्ण

(ग) युधिष्ठिर

(घ) भीष्म

उत्तर:315

316. 'अर्जुन, तुम थोड़े ही दिनों में अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लोगे। तुम साक्षात् नर हो और नारायण तुम्हारे सहायक हैं; तुम्हें कोई पराजित नहीं कर सकता। शत्रुओं की तो बात ही क्या है, स्वयं वज्रधारी इंद्र के लिए भी तुम युद्ध में अजेय हो।' उपर्युक्त वक्तव्य किसका था?

(क) दुर्गा देवी

(ख) भीष्म पितामह

(ग) महर्षि धौम्य

(घ) विदुर

उत्तर:316

317. 'क्रतु मैं हूँ, यज्ञ मैं हूँ, ओषधि मैं हूँ, मंत्र मैं हूँ, घृत मैं हूँ, अग्नि मैं हूँ और हवनरूप क्रिया भी मैं ही हूँ। इस संपूर्ण जगत् को धारण करनेवाला तथा कर्मों के फल को देनेवाला, पिता, माता, पितामह, जानने योग्य पवित्र, 'ओंकार' तथा ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद भी मैं ही हूँ।' यह किसने किससे और कहाँ कहा था?

(क) शिवजी ने जयद्रथ से, कैलास पर

(ख) धर्मराज ने युधिष्ठिर से, सरोवर किनारे

(ग) श्रीकृष्ण ने अर्जुन से, कुरुक्षेत्र युद्धस्थल में

(घ) इंद्र ने कर्ण से, गंगा किनारे

उत्तर:317

318. 'अर्जुन! ठहरो, इस समय इन दिव्यास्त्रों का प्रयोग न करो। बिना किसी लक्ष्य के इनका प्रयोग नहीं करना चाहिए। यदि कोई शत्रु लक्ष्य हो तो भी जब तक वह अपने ऊपर प्रहार करके कष्ट न पहुँचावे तब तक उसपर भी दिव्यास्त्रों का प्रयोग नहीं करते। यदि तुमने व्यर्थ प्रयोग से इनकी रक्षा नहीं की तो ये संपूर्ण विश्व का नाश कर डालेंगे; अत: आज से फिर कभी ऐसा न करना।' किसने अर्जुन को इस प्रकार सावधान किया था?

(क) महर्षि नारद

(ख) महर्षि व्यास

(ग) शिव

(घ) इंद्र

उत्तर:318

319. 'द्रौपदी! तुम शीघ्र ही कौरव स्त्रियों को रोते हुए देखोगी। जिनपर तुम्हारा कोप है उन शत्रुओं के स्वजन, सुहृद् और सेना आदि के नष्ट हो जाने पर उनकी स्त्रियाँ भी इसी प्रकार रोवेंगी। यदि काल के वश में पड़े हुए कौरव मेरी बात नहीं मानेंगे तो युद्ध में मारे जाकर श्वानों और श्रृगालों के भोजन बनेंगे।' द्रौपदी से सांत्वना भरे ये वचन किसने कहे थे?

(क) भीम

(ख) अर्जुन

(ग) श्रीकृष्ण

(घ) धृष्टद्युम्न

उत्तर:319

320. 'मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि जब तक धृष्टद्युम्न का वध नहीं कर दूँगा, अपना कवच नहीं उतारूँगा। यदि मेरी प्रतिज्ञा झूठी हो तो मुझे स्वर्ग न मिले।' उक्त प्रतिज्ञा किसने की थी?

(क) कर्ण

(ख) अश्वत्थामा

(ग) दुर्योधन

(घ) कृतवर्मा

उत्तर:320

321. 'रुको युधिष्ठिर! मेरे प्रश्नों के उत्तर दिए बिना यदि तुम सरोवर के जल को हाथ लगाओगे तो तुम्हारी भी वही स्थिति होगी, जो तुम्हारे भाइयों की हुई है।' यह चेतावनी युधिष्ठिर को किसने दी थी?

(क) चित्ररथ गंधर्व

(ख) यक्ष

(ग) इंद्र

(घ) नहुष

उत्तर:321

322. 'महाराज दुर्योधन! पितामह भीष्म, आचार्य द्रोण, जयद्रथ, कर्ण जैसे हमारे योद्धा मारे जा चुके हैं। अब

किसके भरोसे हम युद्ध में विजय की बात सोचें? अर्जुन व श्रीकृष्ण के रहते पांडवों को पराजित करना असंभव है। हमारी सेना में कौन है जो अर्जुन को हरा सके? दुर्योधन, मेरी राय मानो, पांडवों से संधि कर लो।' दुर्योधन को यह सलाह किसने दी थी?

(क) कृपाचार्य

(ख) अश्वत्थामा

(ग) कृतवर्मा

(घ) शल्य

उत्तर:322

323. 'कर्ण, तुम कुंती के पुत्र हो। अर्जुन, भीम, युधिष्ठिर आदि तुम्हारे अनुज हैं। तुम कौरवों का पक्ष छोड़ो और पांडवों के साथ आ जाओ।' कर्ण से यह किसने कहा था?

(क) इंद्र

(ख) कुंती

(ग) श्रीकृष्ण

(घ) वेदव्यास

उत्तर:323

324. 'दुर्योधन, तुम पांडवों को उनका आधा राज्य नहीं दे रहे, न दो। मैं तुमसे पांडवों के लिए पाँच गाँव माँग रहा हूँ। वह उन्हें दे दो। मैं उन्हें इतने पर ही मना लूँगा।' दुर्योधन से यह माँग किसने की थी?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) विदुर

(ग) संजय

(घ) कृपाचार्य

उत्तर:324

325. 'कीचक! तू काम से मोहित होकर मृत्यु के मुख में जाना चाहता है। मैं पाँच गंधर्वों की पत्नी हूँ। वे बहुत वीर हैं और तुझे अवश्य मार डालेंगे।' यह चेतावनी किसकी थी?

(क) सुदेष्णा

(ख) कुंती

(ग) भानुमती

(घ) द्रौपदी

उत्तर:325

326. ‘दारुक, तुम शीघ्र हस्तिनापुर जाकर अर्जुन को यादवों के इस महासंहार की सूचना दो। ब्राह्मणों के शाप से समस्त यदुवंशियों का नाश हो चुका है, यह सुनकर अर्जुन शीघ्र द्वारका चले आएँ।’ दारुक से यह किसने कहा था?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) बलराम

(ग) वसुदेव

(घ) अक्रूर

उत्तर:326

6

वरदान और शाप

327. ‘तुम इस मंत्र से जिस देवता का आवाहन करोगी, वह चाहे अथवा न चाहे, तुम्हारे अधीन हो जाएगा।’ यह वर किसने किसको दिया था?

(क) महर्षि व्यास ने गांधारी को

(ख) श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को

(ग) ऋषि दुर्वासा ने कुंती को

(घ) ऋषि कण्व ने शकुंतला को

उत्तर:327

328. गांधारी को सौ पुत्र होने का वरदान किसने दिया?

(क) नारद

(ख) शिव

(ग) इंद्र

(घ) दुर्वासा

उत्तर:328

329. भीष्म को इच्छा-मृत्यु का वरदान किसने दिया था?

(क) परशुराम

(ख) शांतनु

(ग) सत्यवती

(घ) गंगा

उत्तर:329

330. ‘श्रीकृष्ण, तुम आर्तों को आश्वासन और भयभीतों को अभय देते हो। इसलिए मुझे एक वर दो। तुम मेरी ओर

देखकर शिशुपाल के सारे अपराध क्षमा कर देना। बस, मैं केवल इतना ही वर माँगती हूँ।' श्रीकृष्ण से यह वर किसने माँगा था?

(क) श्रुतश्रवा

(ख) कुंती

(ग) देवकी

(घ) रोहिणी

उत्तर:330

331. वह कौन था, जिसे यह शाप मिला था कि यदि वह स्त्री-समागम करेगा तो उसकी मृत्यु हो जाएगी?

(क) अर्जुन

(ख) श्रीकृष्ण

(ग) द्रोणाचार्य

(घ) पांडु

उत्तर:331

332. जयद्रथ को यह वरदान किसने दिया था कि तुम केवल एक दिन अर्जुन के अलावा शेष चार पांडवों को युद्ध में जीत सकोगे?

(क) ब्रह्मा

(ख) इंद्र

(ग) शिव

(घ) व्यास

उत्तर:332

333. 'कर्ण! तू मार डालने योग्य है। तूने यह महान् पातक किया है। ले, इस पाप का फल भोग। युद्ध के समय अंत समय में तेरे रथ का पहिया पृथ्वी में धँस जाएगा और निकाले नहीं निकलेगा। उस समय तू बहुत घबराया हुआ रहेगा। और उसी समय शत्रु तेरा मस्तक छिन्न कर डालेगा।' कर्ण को यह शाप किसने दिया था?

(क) एक ब्राह्मण

(ख) परशुराम

(ग) द्रोणाचार्य

(घ) व्यास

उत्तर:333

334. ‘कर्ण, तूने मेरे साथ छल किया है। जा, अवसर आने पर मेरी दी हुई विद्या तू भूल जाएगा।’ कर्ण को यह शाप किसने दिया था?

(क) द्रोणाचार्य

(ख) सूर्य

(ग) महर्षि वेदव्यास

(घ) आचार्य परशुराम

उत्तर:334

335. ‘राजन्, आपने मुझे जैसी अवस्था में मारा है वह सर्वथा मारने के अनुपयुक्त थी। इसलिए कभी आप अपनी पत्नी के साथ समागम करेंगे तो उसी अवस्था में आपकी मृत्यु हो जाएगी।’ यह शाप किसने किसको दिया था?

(क) मुनि किंदम ने महाराज पांडु को

(ख) ऋषि जरत्कारु ने राजा परीक्षित् को

(ग) महर्षि धौम्य ने चेकितान को

(घ) आचार्य परशुराम ने कर्ण को

उत्तर:335

336. ‘भगवन्! यदि आप मुझपर प्रसन्न होकर वर देना चाहते हैं तो मुझे अपना पाशुपतास्त्र दे दीजिए। उस अस्त्र से मैं भावी युद्ध में सबको जीत सकूँ, ऐसी कृपा कीजिए।’ यह वर किसने किससे माँगा था?

(क) अर्जुन ने शिव से

(ख) कर्ण ने परशुराम से

(ग) दुर्योधन ने शिव से

(घ) भीमसेन ने ब्रह्माजी से

उत्तर:336

337. 'मैं दूसरा वर यह माँगती हूँ कि रथ और धनुष के साथ भीमसेन, अर्जुन, नकुल और सहदेव भी दासत्व से मुक्त होकर स्वाधीन हो जाएँ।' यह वर किसने किससे माँगा था?

(क) कुंती ने यक्ष से

(ख) गांधारी ने धृतराष्ट्र से

(ग) द्रौपदी ने धृतराष्ट्र से

(घ) द्रौपदी ने श्रीकृष्ण से

उत्तर:337

338. 'भगवन्, हम बारह वर्ष तक वन में रहे, अब तेरहवाँ वर्ष आ लगा है; अत: ऐसा वर दीजिए कि इसमें हमें कोई पहचान न सके।' यह वर किसने किससे माँगा था?

(क) अर्जुन ने इंद्र से

(ख) युधिष्ठिर ने धर्मराज से

(ग) नकुल ने श्रीकृष्ण से

(घ) भीमसेन ने शिव से

उत्तर:338

339. 'कृष्ण, जैसे मेरे वंश का नाश हुआ है वैसे ही तुम्हारे वंश का—यादव वंश का—भी नाश होगा। बंधु-बांधवों, मंत्री व पुत्रों का नाश हो जाने पर एक साधारण कारण से तुम अनाथ की तरह मारे जाओगे।' श्रीकृष्ण को यह शाप किसने दिया था?

(क) धृतराष्ट्र

(ख) दुर्योधन

(ग) गांधारी

(घ) वेदव्यास

उत्तर:339

340. 'परीक्षित् ने मेरे निरपराध पिता के ऊपर साँप डालकर उनका तिरस्कार किया है। मैं उस दुष्ट को शाप देता हूँ कि उसे तक्षक नाग क्रोध करके सात दिन के अंदर डस लेगा, जिससे उसकी मृत्यु हो जाएगी।' परीक्षित् को यह शाप किसने दिया था?

(क) शमीक

(ख) श्रृंगी

(ग) जरत्कारु

(घ) आस्तीक

उत्तर:340

341. 'मैं शाप देता हूँ कि स्त्रियाँ आज से कोई भी गोपनीय बात अपने मन में छिपा नहीं सकेंगी।' यह शाप किसने दिया था?

(क) युधिष्ठिर

(ख) श्रीकृष्ण

(ग) कर्ण

(घ) अर्जुन

उत्तर:341

342. 'जनमेजय! मेरा पुत्र निरपराध था, तो भी तुमने इसे मारा है; अत: तुम्हारे ऊपर अचानक ऐसा भय उपस्थित होगा जिसकी पहले से कोई संभावना न रही हो।' यह शाप किसने दिया था?

(क) उच्चै:श्रवा (अश्व)

(ख) अश्वत्थामा (हाथी)

(ग) सरमा (कुतिया)

(घ) तक्षक (नाग)

उत्तर:342

343. उर्वशी अप्सरा ने किस पांडव को नपुंसक हो जाने का शाप दिया था?

(क) युधिष्ठिर

(ख) अर्जुन

(ग) नकुल

(घ) सहदेव

उत्तर:343

344. अर्जुन को उर्वशी ने कितने वर्ष तक नपुंसक रहने का शाप दिया था?

(क) 2

(ख) 3

(ग) 5

(घ) 1

उत्तर:344

345. द्रौपदी को (पूर्वजन्म में) पाँच पति प्राप्त होने का वरदान किसने दिया था?

(क) इंद्र

(ख) ब्रह्मा

(ग) शिव

(घ) नारद

उत्तर:345

7

अस्त्र-शस्त्र

346. उस अस्त्र को क्या कहते हैं जिसके प्रयोग करने पर पत्थरों की वर्षा होने लगती थी?

(क) ऐंद्रास्त्र

(ख) पर्वतास्त्र

(ग) वारुणास्त्र

(घ) जृंभकास्त्र

उत्तर:346

347. अर्जुन ने जिस बाण को मारकर कर्ण का मस्तक काटा था, उसका क्या नाम था?

(क) रुद्रास्त्र

(ख) अंजलिक

(ग) शोलेष

(घ) ब्रह्मशिरस्

उत्तर:347

348. उस शक्ति का नाम बताइए, जिसे चलाकर कर्ण ने घटोत्कच को मृत्यु की नींद सुला दिया था?

(क) विध्वंशक

(ख) वैजयंती

(ग) सुषुप्ता

(घ) अशनि

उत्तर:348

349. उस घास का क्या नाम था, जिसे उखाड़कर श्रीकृष्ण ने मुट्ठी में लिया तो वह मूसल बन गई और जिससे श्रीकृष्ण ने अनेक यादवों का संहार किया?

(क) दूर्वा

(ख) एरका

(ग) मोथा

(घ) अपामार्ग

उत्तर:349

350. विराट पर कौरवों के आक्रमण में अर्जुन ने जिस अस्त्र को चलाकर कौरव महारथियों को सम्मोहित और अचेत कर दिया था उसे क्या कहते थे?

(क) जृंभकास्त्र

(ख) पर्जन्यास्त्र

(ग) वारुणास्त्र

(घ) सम्मोहनास्त्र

उत्तर:350

351. उस महास्त्र का नाम बताइए, जिसका प्रयोग कर अश्वत्थामा ने उत्तरा के गर्भ को नष्ट करने का प्रयास किया था?

(क) ऐषीकास्त्र

(ख) वायव्यास्त्र

(ग) जृंभकास्त्र

(घ) पर्जन्यास्त्र

उत्तर:351

352. महाभारत युद्ध के अंत में अश्वत्थामा द्वारा ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करने पर अर्जुन ने जिस अस्त्र को छोड़कर उसका प्रतिकार किया था उसका नाम बताइए।

(क) ब्रह्मास्त्र

(ख) वारुणास्त्र

(ग) जृंभकास्त्र

(घ) पाशुपतास्त्र

उत्तर:352

353. उस अस्त्र को क्या कहते थे जिसके प्रयोग से शत्रु सैनिक निद्रा का अनुभव करने लगते थे?

(क) वायव्यास्त्र

(ख) जृंभकास्त्र

(ग) ब्रह्मास्त्र

(घ) वारुणास्त्र

उत्तर:353

354. अर्जुन के सुप्रसिद्ध धनुष का नाम बताइए।

(क) शाङ्‌र्ग

(ख) वैष्णव

(ग) अजगव

(घ) गांडीव

उत्तर:354

355. शिव ने अर्जुन को जो अस्त्र दिया था उसे क्या कहते हैं?

(क) पिनाक

(ख) पाशुपत

(ग) ऐंद्र

(घ) जृंभक

उत्तर:355

356. 'वज्रदंड' नामक अस्त्र अर्जुन को किसने दिया था?

(क) शिव

(ख) वरुण

(ग) कुबेर

(घ) इंद्र

उत्तर:356

357. श्रीकृष्ण के प्रसिद्ध धनुष का नाम बताइए।

(क) गांडीव

(ख) सुदर्शन

(ग) शाङ्‍र्ग

(घ) पाञ्चजन्य

उत्तर:357

358. श्रीकृष्ण के खड्ग का नाम बताइए।

(क) शाङ्‍र्ग

(ख) नंदक

(ग) पाञ्चजन्य

(घ) दारुक

उत्तर:358

359. वरुण द्वारा प्रदत्त श्रीकृष्ण की गदा का नाम बताइए।

(क) पाञ्चजन्य

(ख) हिरण्याक्षी

(ग) कौमोदकी

(घ) शामक

उत्तर:359

360. श्रीकृष्ण के चक्र का नाम बताइए।

(क) ईशान्

(ख) सुदर्शन

(ग) अरिनाशक

(घ) शिवम्

उत्तर:360

361. पिता द्रोण के वध से क्रोधोन्मत्त अश्वत्थामा ने पांडवों पर जिस भयंकर अस्त्र को छोड़ा था उसका क्या नाम था?

(क) नारायणास्त्र

(ख) जृंभकास्त्र

(ग) ब्रह्मास्त्र

(घ) पर्जन्यास्त्र

उत्तर:361

362. अर्जुन द्वारा मगर से बचाए जाने पर प्रसन्न होकर गुरु द्रोण ने अर्जुन को जिस अमोघ अस्त्र के प्रयोग की विद्या बतलाई थी, उसको क्या कहते थे?

(क) वायव्यास्त्र

(ख) ब्रह्मशिर

(ग) ब्रह्मास्त्र

(घ) नारायणास्त्र

उत्तर:362

363. कुबेर ने अर्जुन को जो अनुपम अस्त्र दिया था उसका क्या नाम था?

(क) पर्जन्य

(ख) सम्मोहन

(ग) अंतर्धान

(घ) प्रलयंकर

उत्तर:363

364. 'पिनाक' किसके त्रिशूल का नाम था?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) शिव

(ग) अर्जुन

(घ) द्रोण

उत्तर:[364]

365. सहदेव की प्रसिद्ध तलवार का नाम बताइए?

(क) कौशिकी

(ख) वैजयंती

(ग) चंद्रहास

(घ) यमी

उत्तर:[365]

366. परशुराम से युद्ध करते हुए भीष्म को अष्टवसुओं से जो महान् अस्त्र प्राप्त हुआ था उसे क्या कहते हैं?

(क) वारुणास्त्र

(ख) पाशुपतास्त्र

(ग) जृंभकास्त्र

(घ) प्रस्वापनास्त्र

उत्तर:[366]

367. वह कौन था, जिसने महर्षि परशुराम को परशु प्रदान किया था?

(क) शिव

(ख) वरुण

(ग) ब्रह्मा

(घ) इंद्र

उत्तर:[367]

368. एक ब्रह्मास्त्र को दूसरे ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर दबा देने से कितने वर्षों तक वर्षा नहीं होती थी?

(क) 10

(ख) 12

(ग) 20

(घ) 25

उत्तर:368

369. अर्जुन को गांडीव (धनुष) किसने दिया था?

(क) इंद्र

(ख) वरुण

(ग) शिव

(घ) श्रीकृष्ण

उत्तर:369

370. महाप्रस्थान के लिए जाते समय अर्जुन ने अपना गांडीव धनुष और अक्षय तूणीर किसे दे दिया था?

(क) हस्तिनापुर के राजभवन में ही रख गए थे

(ख) इंद्र

(ग) वरुण

(घ) अग्निदेव के कहने पर जल में डाल दिया था

उत्तर:370

371. वह कौन पांडव था, जो युद्ध में गदा एवं धनुष-बाण दोनों से युद्ध करने में पारंगत था?

(क) भीमसेन

(ख) अर्जुन

(ग) नकुल

(घ) युधिष्ठिर

उत्तर:371

372. कर्ण द्वारा मारे गए सर्पमुख बाण से अर्जुन की रक्षा श्रीकृष्ण ने कैसे की थी?

(क) पाँव के अँगूठे से रथ को पृथ्वी में धँसाकर

(ख) अश्वों सहित रथ को वायु में उड़ाकर

(ग) अपने चक्र से बाण का प्रतिकार कर

(घ) योग विद्या के बल पर बाण को प्रभावहीन कर

उत्तर:372

373. प्रस्वापनास्त्र का आविष्कार किसने किया था?

(क) ब्रह्मा

(ख) विश्वकर्मा

(ग) परशुराम

(घ) इंद्र

उत्तर:373

374. कर्ण को ब्रह्मास्त्र की शिक्षा किसने दी थी?

(क) भीष्म

(ख) द्रोण

(ग) परशुराम

(घ) श्रीकृष्ण

उत्तर:374

375. जिस बाण का अग्र भाग सीधा गोल हो उसे क्या कहते हैं?

(क) नाराच

(ख) भल्ल

(ग) अंजलिक

(घ) वत्सदंत

उत्तर:375

376. जिस बाण का अग्र भाग फरसे के समान हो उसे क्या कहते हैं?

(क) शूल

(ख) क्षुर

(ग) भल्ल

(घ) सिंहदंष्ट्र

उत्तर:376

377. जिसका मुख भाग हाथों की अंजलि के समान हो उस बाण को क्या कहते हैं?

(क) भल्ल

(ख) अंजलिक

(ग) वत्सदंत

(घ) नाराच

उत्तर:377

378. जिस बाण का अग्र भाग बछड़े के दाँतों के समान दिखाई देता हो उसे क्या कहा जाता है?

(क) नाराच

(ख) अंजलिक

(ग) भल्ल

(घ) वत्सदंत

उत्तर:378

379. सिंह की दाढ़ के समान अग्र भागवाले बाण को क्या कहते हैं?

(क) सिंहदंष्ट्र

(ख) क्षुर

(ग) शूल

(घ) वत्सदंत

उत्तर:379

380. जिस बाण का अग्र भाग क्षुरे की धार के समान हो उसे क्या कहते हैं?

(क) अंजलिक

(ख) नाराच

(ग) क्षुर

(घ) भल्ल

उत्तर:380

381. वज्र किस देवता का अस्त्र था?

(क) इंद्र

(ख) वरुण

(ग) विष्णु

(घ) वायु

उत्तर:381

382. महाभारत युद्ध में निम्नलिखित में से कौन सा अस्त्र प्रयोग नहीं किया गया?

(क) भिंदिपाल

(ख) परिघ

(ग) तोमर

(घ) पाशुपतास्त्र

उत्तर:382

8

महत्त्वपूर्ण स्थान

383. महाभारत का युद्ध कहाँ हुआ था?

(क) मथुरा

(ख) हस्तिनापुर

(ग) मगध

(घ) कुरुक्षेत्र

उत्तर:383

384. द्रौपदी कहाँ की राजकुमारी थी?

(क) चेदि

(ख) मगध

(ग) गांधार

(घ) पंचाल

उत्तर:384

385. पांडवों ने अज्ञातवास की अवधि कहाँ बिताई थी?

(क) पंचाल

(ख) मत्स्य देश

(ग) मथुरा

(घ) मगध

उत्तर:385

386. आचार्य परशुराम का आश्रम किस पर्वत पर था?

(क) महेंद्र

(ख) विंध्याचल

(ग) कैलास

(घ) रैवतक

उत्तर:386

387. लाक्षागृह का निर्माण कहाँ किया गया था?

(क) हस्तिनापुर में

(ख) वारणावत में

(ग) एकचक्रा नगरी में

(घ) उपप्लव्य में

उत्तर:387

388. पांडवों ने खांडव वन जलाकर वहाँ कौन सा नगर बसाया था?

(क) इंद्रप्रस्थ

(ख) खांडवप्रस्थ

(ग) हस्तिनापुर

(घ) द्वारका

उत्तर:388

389. लाक्षागृह से बच निकलने के पश्चात् पांडव वेश बदलकर किस स्थान पर रह रहे थे?

(क) एकचक्रा नगरी में

(ख) वारणावत में

(ग) मत्स्य देश में

(घ) प्राग्ज्योतिषपुर में

उत्तर:389

390. श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कहाँ जाकर किया था?

(क) प्राग्ज्योतिषपुर

(ख) मगध

(ग) मथुरा

(घ) हस्तिनापुर

उत्तर:390

391. दुर्योधन ने कर्ण को कहाँ का राज्य मित्रतास्वरूप भेंट कर दिया था?

(क) अंग देश

(ख) मत्स्य देश

(ग) इंद्रप्रस्थ

(घ) पंचाल

उत्तर:391

392. जरासंध कहाँ मारा गया था?

(क) हस्तिनापुर

(ख) काम्यक वन

(ग) कुरुक्षेत्र की रणभूमि

(घ) मगध

उत्तर:392

393. अंबा, अंबिका, अंबालिक—ये तीनों कहाँ की राजकुमारियाँ थीं?

(क) काशी

(ख) मथुरा

(ग) गांधार

(घ) हस्तिनापुर

उत्तर:393

394. बलंधरा कहाँ की राजकुमारी थी?

(क) चेदि

(ख) मगध

(ग) काशी

(घ) द्वारका

उत्तर:394

395. रैवतक पर्वत कहाँ पर स्थित था?

(क) प्राग्ज्योतिषपुर के निकट

(ख) द्वारका के निकट

(ग) पंचाल के निकट

(घ) मथुरा के निकट

उत्तर:395

396. भीमसेन ने किर्मीर राक्षस का वध कहाँ पर किया?

(क) काम्यक वन के निकट

(ख) द्वैत वन में

(ग) कुरुक्षेत्र के मैदान में

(घ) मथुरा में

उत्तर:396

397. चित्रांगदा कहाँ की राजकुमारी थी?

(क) पंचाल

(ख) मणिपुर

(ग) मगध

(घ) प्राग्ज्योतिषपुर

उत्तर:397

398. कौरवों की ओर से लड़नेवाला योद्धा भगदत्त किस देश का था?

(क) प्राग्ज्योतिषपुर

(ख) मद्र देश

(ग) मत्स्य देश

(घ) गांधार

उत्तर:398

399. भीमसेन से हनुमानजी की भेंट किस स्थान पर हुई थी?

(क) काम्यक वन में

(ख) कदली वन में

(ग) कुरुक्षेत्र में

(घ) पंचाल जाते समय

उत्तर:399

400. पांडवों से मिलने संजय कहाँ गए थे?

(क) उपप्लव्य

(ख) एकचक्रा

(ग) गंधमादन पर्वत

(घ) वारणावत

उत्तर:400

401. ऋषि लोमश पांडवों से मिलने किस वन में गए थे?

(क) खांडव वन

(ख) द्वैत वन

(ग) काम्यक वन

(घ) कदली वन

उत्तर:401

402. अधिरथ व उसकी पत्नी राधा कहाँ रहते थे?

(क) चंपापुरी में

(ख) महेंद्र पर्वत पर

(ग) हस्तिनापुर में

(घ) इंद्रप्रस्थ में

उत्तर:402

403. गंधर्वराज अंगारपर्ण व अर्जुन का भीषण युद्ध किस स्थान पर हुआ था?

(क) काम्यक वन में

(ख) सोमाश्रयायण तीर्थ में

(ग) कुरुक्षेत्र युद्धस्थल में

(घ) हस्तिनापुर में

उत्तर:403

404. श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपना विराट् रूप कहाँ दिखलाया था?

(क) कुरुक्षेत्र युद्धस्थल में

(ख) उपप्लव्य में

(ग) पंचाल में

(घ) द्वारका में

उत्तर:404

405. अर्जुन ने दुरपद को हराकर उनके देश का कौन सा क्षेत्र अपने गुरु द्रोण को गुरुदक्षिणा के रूप में भेंट किया था?

(क) उत्तरी पंचाल

(ख) अहिच्छत्र

(ग) पूर्वी पंचाल

(घ) पश्चिमी पंचाल

उत्तर:405

406. समंतपंचक किस स्थान को कहते थे?

(क) हस्तिनापुर

(ख) कुरुक्षेत्र

(ग) इंद्रप्रस्थ

(घ) वारणावत

उत्तर:406

407. वह कौन सा तीर्थस्थल था जहाँ स्नान करने से मनुष्य को एक सहस्र गोदान करने का पुण्य प्राप्त होता था?

(क) समंतपंचक तीर्थ

(ख) हरिद्वार

(ग) सर्वदेवतीर्थ

(घ) प्रयाग

उत्तर:407

408. दुर्योधन द्वारा विष देकर गंगा में फेंक दिए जाने पर भीम किस स्थान पर जा पहुँचे थे?

(क) नागलोक

(ख) देवलोक

(ग) स्वर्गलोक

(घ) पाताललोक

उत्तर:408

409. बृहंत, जिसने अर्जुन की दिग्विजय यात्रा में उससे घोर युद्ध किया था, कहाँ का राजा था?

(क) प्राग्ज्योतिषपुर

(ख) उलूक देश

(ग) आनर्त

(घ) कुलिंद

उत्तर:409

410. मगध देश की राजधानी कहाँ थी?

(क) क्रथकैशिक

(ख) कुंडिन

(ग) उज्जैन

(घ) गिरिव्रज

उत्तर:410

411. मद्र देश किन दो नदियों के बीच स्थित था?

(क) रावी और व्यास

(ख) गंगा और यमुना

(ग) शैलोदा और ब्रह्मपुत्र

(घ) चर्मण्वती और सरस्वती

उत्तर:411

412. जनमेजय ने नागयज्ञ का आयोजन कहाँ पर किया था?

(क) हस्तिनापुर

(ख) तक्षशिला

(ग) पुरुषपुर

(घ) अहिच्छत्र

उत्तर:412

413. अवंती की राजधानी कहाँ थी?

(क) कुंडिन

(ख) गिरिव्रज

(ग) उज्जैन

(घ) कांपिल्य

उत्तर:413

414. कांपिल्य कहाँ की राजधानी थी?

(क) विदर्भ

(ख) पंचाल (दक्षिण)

(ग) मगध

(घ) द्वारका

उत्तर:414

415. गांधार किस नदी के किनारे बसा हुआ था?

(क) सिंधु

(ख) मधुविला

(ग) अश्व

(घ) शैलोदा

उत्तर:415

416. कुरुक्षेत्र से उत्तर-पूर्व में स्थित वह कौन सा स्थान था, जहाँ का राजा सेनाबिंदु था?

(क) ज्योतिष्मंत

(ख) देवप्रस्थ

(ग) विदर्भ

(घ) कंबोज

उत्तर:416

417. मुनि धौम्य का आश्रम कहाँ पर था?

(क) वारणावत में

(ख) उपप्लव्य में

(ग) उत्कोचक तीर्थ में

(घ) उशीरबीज पर्वत पर

उत्तर:417

418. क्रथकैशिक कहाँ की राजधानी थी?

(क) विदर्भ

(ख) चेदि

(ग) मथुरा

(घ) प्राग्ज्योतिषपुर

उत्तर:418

419. अर्जुन ने सुभद्रा का अपहरण किस स्थान से किया था?

(क) मथुरा

(ख) रैवतक पर्वत

(ग) मत्स्य देश

(घ) गुरु सांदीपनि के आश्रम

उत्तर:419

420. जरासंध ने (कर्ण से युद्ध में पराजित होकर) प्रसन्न होकर कर्ण को कौन सी नगरी दी थी?

(क) मालिनी नगरी

(ख) चंपा नगरी

(ग) एकचक्रा नगरी

(घ) उपप्लव्य

उत्तर:420

421. चेदि देश किस नदी के निकट स्थित था?

(क) सरस्वती

(ख) चर्मण्वती

(ग) शुक्तिमती

(घ) नर्मदा

उत्तर:421

422. हस्तिनापुर किस नदी के किनारे बसा हुआ था?

(क) यमुना

(ख) गंगा

(ग) चर्मण्वती

(घ) सरस्वती

उत्तर:422

423. पांडवों का जन्म किस पर्वत पर हुआ था?

(क) महेंद्र

(ख) उशीरबीज

(ग) शतशृंग

(घ) गंधमादन

उत्तर:423

424. जयद्रथ ने जब द्रौपदी का अपहरण किया था, उस समय पांडव किस वन में रह रहे थे?

(क) काम्यक

(ख) द्वैत

(ग) नंदन

(घ) सौगंधिक

उत्तर:424

425. युद्ध के अंतिम दिन कौरव सेना के समाप्त हो जाने पर दुर्योधन कहाँ जा छिपा था?

(क) झाड़ियों में

(ख) हाथियों के शव के पीछे

(ग) एक सरोवर में

(घ) एक झोंपड़ी में

उत्तर:425

426. एकचक्रा नगरी में पांडव कहाँ रह रहे थे?

(क) एक ब्राह्मण के घर

(ख) एक धोबी के घर

(ग) एक कुम्हार के घर

(घ) एक वैश्य के घर

उत्तर:426

427. महाभारत युद्ध में अर्जुन द्वारा जयद्रथ का सिर काट दिए जाने पर धड़ तो युद्धभूमि में गिर पड़ा था, किंतु सिर कहाँ जाकर गिरा था?

(क) सिंधु नदी में

(ख) जयद्रथ के निवास में

(ग) तपस्यारत वृद्धक्षत्र की गोद में

(घ) दु:शला के कक्ष में

उत्तर:427

428. द्वैत वन, जहाँ पांडव वनवास काल में कुछ समय तक रहे थे, किस नदी के किनारे स्थित था?

(क) गंगा

(ख) सरस्वती

(ग) चर्मण्वती

(घ) यमुना

उत्तर:428

429. अर्जुन और सुभद्रा का विवाह कहाँ हुआ था?

(क) द्वारका

(ख) हस्तिनापुर

(ग) मत्स्य

(घ) पंचाल

उत्तर:429

430. अर्जुन और उलूपी का विवाह कहाँ हुआ था?

(क) मणिपुर

(ख) द्वारका

(ग) मगध

(घ) गंगाद्वार

उत्तर:430

431. राजा मरुत्त का पृथ्वी में दबा विशाल स्वर्ण भंडार, जिसे युधिष्ठिर अश्वमेध यज्ञ के पूर्व हस्तिनापुर लेकर आए थे, किस स्थान पर दबा था?

(क) काम्यक वन में

(ख) हिमालय पर्वत पर

(ग) हस्तिनापुर के पास एक गाँव में

(घ) गंगा नदी के किनारे

उत्तर:431

432. महाप्रस्थान यात्रा के समय द्रौपदी सहित अन्य चार पांडवों का प्राणांत किस स्थान पर हुआ था?

(क) महेंद्र पर्वत

(ख) गिरिवन

(ग) हिमालय पर्वत

(घ) मणिपुर

उत्तर:432

433. आनर्तपुरी किसको कहते थे?

(क) हस्तिनापुर

(ख) प्राग्ज्योतिषपुर

(ग) अहिच्छत्र

(घ) द्वारका

उत्तर:433

434. पूरुवंश का वह कौन राजा था, जिसने हस्तिनापुर नगर बसाया था?

(क) अजमीढ़

(ख) हस्ती

(ग) भरत

(घ) दुष्यंत

उत्तर:434

9

संबंधों का सागर

माता

435. कंस की माता का नाम बताइए।

(क) पवनरेखा

(ख) अस्ति

(ग) रोहिणी

(घ) हेमा

उत्तर:435

436. अश्वत्थामा की माता का क्या नाम था?

(क) जानपदी

(ख) कृपी

(ग) घृताची

(घ) श्रुतश्रवा

उत्तर:436

437. कृपाचार्य की माता का क्या नाम था?

(क) सत्यवती

(ख) रोहिणी

(ग) जानपदी

(घ) कृपी

उत्तर:437

438. वेदव्यास की माता का क्या नाम था?

(क) सत्यवती

(ख) गंगा

(ग) सुनंदा

(घ) देवयानी

उत्तर:438

439. बलराम की माता का क्या नाम था?

(क) उलूपी

(ख) रोहिणी

(ग) देवकी

(घ) रेवती

उत्तर:439

440. द्रोणाचार्य की माता का क्या नाम था?

(क) घृताची

(ख) जानपदी

(ग) आत्रेयी

(घ) सत्यवती

उत्तर:440

441. शिशुपाल की माता का क्या नाम था?

(क) माद्री

(ख) श्रुतश्रवा

(ग) रोहिणी

(घ) देविका

उत्तर:441

442. घटोत्कच की माता का क्या नाम था?

(क) बलंधरा

(ख) हिडिंबा

(ग) उलूपी

(घ) द्रौपदी

उत्तर:442

443. बर्बरीक की माता का क्या नाम था?

(क) हिडिंबा

(ख) कामकंटकटा (मौर्वी)

(ग) जरा

(घ) पूतना

उत्तर:443

444. इरावान् की माता का क्या नाम था?

(क) उलूपी

(ख) चित्रांगदा

(ग) द्रौपदी

(घ) सुभद्रा

उत्तर:444

445. बभ्रुवाहन की माता का क्या नाम था?

(क) सुभद्रा

(ख) उलूपी

(ग) चित्रांगदा

(घ) द्रौपदी

उत्तर:445

446. भीष्म पितामह की माता कौन थीं?

(क) सत्यवती

(ख) अंबिका

(ग) गंगा

(घ) माद्रवती

उत्तर:446

447. श्रीकृष्ण की माता का क्या नाम था?

(क) रोहिणी

(ख) रेवती

(ग) पृथा

(घ) देवकी

उत्तर:447

448. अर्जुन-भीम की माता का क्या नाम था?

(क) कुंती

(ख) माद्री

(ग) श्रुतश्रवा

(घ) गांधारी

उत्तर:448

449. नकुल-सहदेव की माता का क्या नाम था?

(क) अंबिका

(ख) गांधारी

(ग) सत्यवती

(घ) माद्री

उत्तर:449

450. दुर्योधन की माता का क्या नाम था?

(क) चित्रांगदा

(ख) गांधारी

(ग) माद्री

(घ) अंबालिका

उत्तर:450

451. कर्ण की माता कौन थी?

(क) राधा

(ख) रेवती

(ग) कुंती

(घ) माद्री

उत्तर:451

452. धृतराष्ट्र की माता का क्या नाम था?

(क) अंबिका

(ख) अंबा

(ग) अंबालिका

(घ) सत्यवती

उत्तर:452

453. पांडु की माता का क्या नाम था?

(क) अंबा

(ख) अंबिका

(ग) माद्रवती

(घ) अंबालिका

उत्तर:453

454. विचित्रवीर्य की माता का क्या नाम था?

(क) अंबिका

(ख) सत्यवती

(ग) गंगा

(घ) देवकी

उत्तर:454

455. अभिमन्यु की माता का क्या नाम था?

(क) उलूपी

(ख) बलंधरा

(ग) सुभद्रा

(घ) द्रौपदी

उत्तर:455

456. महर्षि परशुराम की माता का क्या नाम था?

(क) रेणुका

(ख) रेवती

(ग) गार्गी

(घ) विद्योत्तमा

उत्तर:456

457. भरत की माता का क्या नाम था?

(क) सुनंदा

(ख) गंगा

(ग) शकुंतला

(घ) पृथा

उत्तर:457

458. शांतनु की माता का क्या नाम था?

(क) सुनंदा

(ख) गंगा

(ग) सरस्वती

(घ) कालिंदी

उत्तर:458

459. दुष्यंत की माता का क्या नाम था?

(क) कौशल्या

(ख) रथंतरी

(ग) विजया

(घ) ज्वाला

उत्तर:459

460. परीक्षित् की माता का क्या नाम था?

(क) उलूपी

(ख) उत्तरा

(ग) सुनंदा

(घ) यशोधरा

उत्तर:460

461. जनमेजय की माता का क्या नाम था?

(क) माद्रवती

(ख) देविका

(ग) पृथा

(घ) सुष्यशा

उत्तर:461

462. दु:शला की माता कौन थी?

(क) गांधारी

(ख) शकुंतला

(ग) श्रुतश्रवा

(घ) कुंती

उत्तर:462

463. शकुंतला की माता का क्या नाम था?

(क) उर्वशी

(ख) मेनका

(ग) घृताची

(घ) जानपदी

उत्तर:463

464. सत्यवती (शांतनु-पत्नी) की माता कौन थी?

(क) घृताची

(ख) उर्वशी

(ग) अद्रिका

(घ) जानपदी

उत्तर:464

पिता

465. एकलव्य के पिता का क्या नाम था?

(क) चित्रकेतु

(ख) हिरण्यधनु

(ग) हिरण्यवर्म

(घ) अधिरथ

उत्तर:465

466. कुंती के पिता का क्या नाम था?

(क) शूरसेन

(ख) उग्रसेन

(ग) जयत्सेन

(घ) भीष्मक

उत्तर:466

467. अंबा, अंबिका, अंबालिका के पिता कौन थे?

(क) भीष्मक

(ख) बृहद्बल

(ग) इंद्रद्युम्न

(घ) सुबल

उत्तर:467

468. कृपाचार्य के पिता कौन थे?

(क) शरद्वान्

(ख) भरद्वाज

(ग) वेदव्यास

(घ) धौम्य

उत्तर:468

469. जयद्रथ के पिता का क्या नाम था?

(क) दमघोष

(ख) जयदत्त

(ग) वृद्धक्षत्र

(घ) सोमदत्त

उत्तर:469

470. जरासंध के पिता का क्या नाम था?

(क) बृहद्रथ

(ख) वृद्धक्षत्र

(ग) भगदत्त

(घ) सोमदत्त

उत्तर:470

471. घटोत्कच के पिता कौन थे?

(क) बाह्लीक

(ख) अर्जुन

(ग) धृतराष्ट्र

(घ) भीमसेन

उत्तर:471

472. द्रुपद के पिता का क्या नाम था?

(क) शरद्वान्

(ख) अग्निवेश्य

(ग) पृषत

(घ) बृहद्रथ

उत्तर:472

473. द्रोणाचार्य के पिता कौन थे?

(क) शरद्वान्

(ख) भरद्वाज

(ग) परशुराम

(घ) अग्निवेश्य

उत्तर:473

474. भूरिश्रवा का पिता कौन था?

(क) सत्यक

(ख) सोमदत्त

(ग) कृतवर्मा

(घ) बाह्लीक

उत्तर:474

475. विदुर के पिता कौन थे?

(क) शांतनु

(ख) वेदव्यास

(ग) भीष्म

(घ) भुमन्यु

उत्तर:475

476. वेदव्यास के पिता कौन थे?

(क) भरद्वाज

(ख) पराशर

(ग) अत्रि

(घ) याज्ञवल्क्य

उत्तर:476

477. अभिमन्यु के पिता का क्या नाम था?

(क) भीमसेन

(ख) अर्जुन

(ग) बलराम

(घ) युधिष्ठिर

उत्तर:477

478. अर्जुन के पिता इनमें कौन थे?

(क) इंद्र

(ख) सूर्य

(ग) वायु

(घ) धर्म

उत्तर:478

479. अश्वत्थामा के पिता का नाम बताइए।

(क) कृप

(ख) द्रोण

(ग) कश्यप

(घ) वेदव्यास

उत्तर:479

480. इरावान् के पिता का क्या नाम था?

(क) भीम

(ख) अर्जुन

(ग) जयद्रथ

(घ) विराट

उत्तर:480

481. अश्वसेन (नाग) के पिता का क्या नाम था?

(क) वासुकि

(ख) कालिय

(ग) कौरव्य

(घ) तक्षक

उत्तर:481

482. उत्तर कुमार का पिता कौन था?

(क) विराट

(ख) द्रुपद

(ग) सुशर्मा

(घ) बाह्लीक

उत्तर:482

483. उलूपी के पिता का क्या नाम था?

(क) कौरव्य

(ख) शूरसेन

(ग) चित्रवाहन

(घ) दमघोष

उत्तर:483

484. कर्ण के पिता कौन थे?

(क) पांडु

(ख) सूर्य

(ग) इंद्र

(घ) वसुदेव

उत्तर:484

485. कुरु के पिता कौन थे?

(क) ययाति

(ख) भरत

(ग) संवरण

(घ) भुमन्यु

उत्तर:485

486. कृष्ण के पिता कौन थे?

(क) वेदव्यास

(ख) वसुदेव

(ग) उग्रसेन

(घ) नंद

उत्तर:486

487. गांधारी के पिता का क्या नाम था?

(क) शल्य

(ख) सुबल

(ग) शूरसेन

(घ) पृषत

उत्तर:487

488. चित्रसेन गंधर्व के पिता का क्या नाम था?

(क) विश्वावसु

(ख) हिरण्यधनु

(ग) अंगारपर्ण

(घ) चित्ररथ

उत्तर:488

489. चित्रांगदा (अर्जुन-पत्नी) के पिता का क्या नाम था?

(क) रैवत

(ख) भीष्मक

(ग) चित्रवाहन

(घ) बभ्रुवाहन

उत्तर:489

490. जनमेजय के पिता का क्या नाम था?

(क) अभिमन्यु

(ख) परीक्षित्

(ग) शांतनु

(घ) अर्जुन

उत्तर:490

491. दुर्योधन का पिता कौन था?

(क) भीष्म

(ख) विचित्रवीर्य

(ग) वेदव्यास

(घ) धृतराष्ट्र

उत्तर:491

492. देविका (युधिष्ठिर-पत्नी) के पिता का क्या नाम था?

(क) पृषत

(ख) रैवत

(ग) भीष्मक

(घ) गोवासन

उत्तर:492

493. करेणुमती (नकुल-पत्नी) के पिता का क्या नाम था?

(क) शिशुपाल

(ख) जरासंध

(ग) भीष्मक

(घ) द्रुपद

उत्तर:493

494. द्रौपदी के पिता कौन थे?

(क) याज

(ख) उपयाज

(ग) द्रुपद

(घ) वसुदेव

उत्तर:494

495. धृतराष्ट्र के पिता कौन थे?

(क) शांतनु

(ख) भीष्म

(ग) कुरु

(घ) वेदव्यास

उत्तर:495

496. धृष्टद्युम्न के पिता का क्या नाम था?

(क) द्रुपद

(ख) अग्निवेश्य

(ग) पृषत

(घ) याज

उत्तर:496

497. नकुल के पिता इनमें से कौन थे?

(क) वेदव्यास

(ख) विदुर

(ग) नासत्य (अश्विनीकुमार)

(घ) दस्र (अश्विनीकुमार)

उत्तर:497

498. सहदेव (पांडव) के पिता इनमें कौन थे?

(क) धर्म

(ख) वेदव्यास

(ग) दस्र (अश्विनीकुमार)

(घ) सूर्य

उत्तर:498

499. महर्षि परशुराम के पिता का क्या नाम था?

(क) इंद्र

(ख) जमदग्नि

(ग) याज्ञवल्क्य

(घ) अग्निवेश्य

उत्तर:499

500. परीक्षित् के पिता का क्या नाम था?

(क) श्रीकृष्ण

(ख) अर्जुन

(ग) जनमेजय

(घ) अभिमन्यु

उत्तर:500

501. पांडु के पिता कौन थे?

(क) भीष्म

(ख) वेदव्यास

(ग) भरत

(घ) शांतनु

उत्तर:501

502. पूरु के पिता का क्या नाम था?

(क) युवनाश्व

(ख) विश्वावसु

(ग) ययाति

(घ) गाधि

उत्तर:502

503. बभ्रुवाहन के पिता का क्या नाम था?

(क) अर्जुन

(ख) चित्रवाहन

(ग) भीमसेन

(घ) दुर्योधन

उत्तर:[503]

504. बर्बरीक का पिता कौन था?

(क) भीमसेन

(ख) घटोत्कच

(ग) अलंबुष

(घ) इंद्र

उत्तर:[504]

505. भगदत्त के पिता का क्या नाम था?

(क) जरासंध

(ख) नरकासुर

(ग) बाह्लीक

(घ) भरत

उत्तर:[505]

506. भरत के पिता का क्या नाम था?

(क) विश्वामित्र

(ख) कण्व ऋषि

(ग) दुष्यंत

(घ) कुरु

उत्तर:506

507. भीम के पिता इनमें से कौन थे?

(क) वायुदेव

(ख) इंद्र

(ग) सूर्य

(घ) अश्विनीकुमार

उत्तर:507

508. भीष्म (पितामह) के पिता का क्या नाम था?

(क) शांतनु

(ख) वेदव्यास

(ग) भरत

(घ) प्रतीप

उत्तर:508

509. युधिष्ठिर के पिता इनमें से कौन थे?

(क) इंद्र

(ख) सूर्य

(ग) धर्म

(घ) कुबेर

उत्तर:509

510. युयुत्सु का पिता कौन था?

(क) धृतराष्ट्र

(ख) विदुर

(ग) वेदव्यास

(घ) विचित्रवीर्य

उत्तर:510

511. रुक्मि के पिता का क्या नाम था?

(क) दमघोष

(ख) सत्यजित्

(ग) भीष्मक

(घ) सत्यक

उत्तर:511

512. लक्ष्मण (कौरव) के पिता का क्या नाम था?

(क) दुर्योधन

(ख) कृपाचार्य

(ग) कर्ण

(घ) जयद्रथ

उत्तर:512

513. विकर्ण का पिता कौन था?

(क) धृतराष्ट्र

(ख) भीष्मक

(ग) पांडु

(घ) विदुर

उत्तर:513

514. विचित्रवीर्य के पिता का क्या नाम था?

(क) शांतनु

(ख) भरत

(ग) वेदव्यास

(घ) प्रतीप

उत्तर:[514]

515. शकुंतला के पिता कौन थे?

(क) विश्वामित्र

(ख) कण्व

(ग) पूरु

(घ) ययाति

उत्तर:[515]

516. शकुनि के पिता का क्या नाम था?

(क) बाह्लीक

(ख) प्रतीप

(ग) सुबल

(घ) बृहद्बल

उत्तर:[516]

517. शांतनु के पिता का क्या नाम था?

(क) देवापि

(ख) प्रतीप

(ग) बाह्लीक

(घ) भरत

उत्तर:[517]

518. शिशुपाल के पिता का क्या नाम था?

(क) विराट

(ख) भीष्मक

(ग) दमघोष

(घ) भगदत्त

उत्तर:518

519. शिखंडी का पिता कौन था?

(क) पृषत

(ख) दुरपद

(ग) विश्वावसु

(घ) स्थूणाकर्ण

उत्तर:519

520. सत्यभामा (कृष्ण-पत्नी) का पिता कौन था?

(क) युयुधान

(ख) सत्यक

(ग) सत्राजित्

(घ) कृतवर्मा

उत्तर:520

521. सात्यकि के पिता का क्या नाम था?

(क) बृहद्बल

(ख) सत्यक

(ग) अक्रूर

(घ) सत्यजित्

उत्तर:521

522. सुभद्रा के पिता का क्या नाम था?

(क) वसुदेव

(ख) देवक

(ग) अंधक

(घ) यदु

उत्तर:522

523. अलंबुष (राक्षस) का पिता कौन था?

(क) अघासुर

(ख) जटासुर

(ग) बकासुर

(घ) मयासुर

उत्तर:523

524. सहदेव-पत्नी विजया के पिता का क्या नाम था?

(क) वसुदेव

(ख) शैव्य

(ग) हिरण्यवर्म

(घ) द्युतिमान्

उत्तर:524

525. बाह्लीक के पिता का क्या नाम था?

(क) शांतनु

(ख) प्रतीप

(ग) देवापि

(घ) इंद्रद्युम्न

उत्तर:525

526. सोमदत्त का पिता कौन था?

(क) वज्रदत्त

(ख) भगदत्त

(ग) बाह्लीक

(घ) प्रतीप

उत्तर:526

527. कौरव योद्धा भूरि तथा शल का पिता कौन था?

(क) भूरिश्रवा

(ख) सोमदत्त

(ग) बाह्लीक

(घ) देवापि

उत्तर:527

528. सत्यवती (शांतनु-पत्नी) का पिता कौन था?

(क) पराशर

(ख) हिरण्यधनु

(ग) शरद्वान्

(घ) राजा उपरिचर

उत्तर:528

529. कृतवर्मा के पिता का क्या नाम था?

(क) हृदीक

(ख) बाह्लीक

(ग) शरद्वान्

(घ) भीष्मक

उत्तर:529

पत्नी

